**सुविचार**

अगर कुछ गलत हो रहा हैं तो उससे भागने की बजाए उसे ठीक करें तभी आगे बढ़ पाएंगे।

# Daily THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

*Published from Ranchi*

Ranchi ● Wednesday, 09 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 204 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3

E-Paper : epaper.thephotonnews.com




08

कंगना चाहती हैं कि कोई उन्हें एक्शन...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,846.50 |
| निफ्टी | : | 19,570.85 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,640 |
| चांदी | : | 77.03 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# भाजपा चाहे जितनी कोशिश कर ले, हमारी सरकार हिलने-डुलनेवाली नहीं : हेमंत सोरेन

## जमशेदपुर में शहीद निर्मल महतो शहादत दिवस समारोह में गरजे सीएम

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जारी समन से सियासी माहौल गरमा गया है। उधर हेमंत सोरेन ने इसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने का दांव चलते हुए मंगलवार को जमशेदपुर में ऐलान कर दिया कि भाजपा चाहें जितनी कोशिश कर ले, उनकी सरकार हिलने डुलनेवाली नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को अपनी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष रहे व झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने वाले शहीद निर्मल महतो के 36 वें शहादत दिवस पर कदमा उलियान स्थित उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री के भाषण में मिशन 2024 की झलक साफ नजर आयी। उसी साल लोकसभा चुनाव के साथ-साथ राज्य में विधानसभा चुनाव भी होना है। लिहाजा हेमंत सोरेन ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। विपक्षी दल पर कई गंभीर आरोप लगाये। यह भी जता दिया कि भाजपा के नेतृत्व वाले अपने विरोधियों के हमलों व चालों से वे जरा भी विचलित होने वाले नहीं हैं।उन्हें जैसे को तैसा के अंदाज में मुंहतोड़ जवाब देंगे। राज्य के समस्त लोगों खासकर गरीबों की भलाई के लिए शुरू किये विकास कार्यो को और गति प्रदान करते रहेंगे। हेमंत ने कहा कि वर्ष 2019 में हम जब से सत्ता में आए हैं, तब से हर दिन भाजपा वाले सरकार को गिराने में लगे हुए हैं लेकिन हमारी सरकारी हिलने-डुलने वाली नहीं है। हाल ही गठित इंडिया गठबंधन की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समान विचार वाले दलों ने मिलकर इंडिया गठबंधन की नींव रखी है। राज्य में इसका बेहतर परिणाम होगा। उन्होंने कहा कि जब से यह इंडिया गठबंधन बना है, तब से भाजपा वालों का दर्द और बढ़ गया है। भाजपा वालों को समझ में नहीं आ रहा कि वे लोग क्या करें क्योंकि हमारी सरकार को अस्थिर करने की भाजपा की तमाम चालें नाकाम हो चुकी हैं और आगे भी इसी तरह नाकाम होती रहेंगे।



शहीद निर्मल महतो को श्रद्धांजलि अर्पित करते सीएम हेमंत सोरेन व अन्य।

### भाजपा पर लगाया बड़ा आरोप

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में जो बीस सालों में नहीं हुआ व तीन सालों में हो रहा है, अभी 25-30 हजार बहाली निकली है जल्द हजारों बहाली और निकलेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में बेरोजगारों को रोजगार देने की सोच नही थी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राज्य की बहाली प्रतियोगी परीक्षाओं में बीजीपी वाले चोरी करवाते थे, नौकरी में घुसाते थे, लेकिन राज्य की बहाली प्रतियोगी परीक्षाओं में चोरी नहीं चलेगी। चोरी करने वाला चाहा कोई हो, उसे जेल भेजेंगे। ऐसा कानून बनाया है। हेमंत ने कहा कि उनकी सरकार राज्यवासियों की उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है। सरकार हर वह काम कर रही है, जो राज्य की जनता के मान- सम्मान और हक- अधिकार से जुड़ा है। हर चेहरे पर मुस्कान लाना हमारी प्रतिबद्धता है, अब आम लोगों के घर के दरवाजे पर पहुंच रही है।

## लैंड स्कैम : सीएम को ईडी का समन, 14 को बुलाया

**PHOTON NEWS RANCHI :** प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने लैंड स्कैम मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नोटिस भेजकर तलब किया है। ईडी ने जमीन घोटाला से जुड़े केस नंबर 25/23 में यह नोटिस भेजा है। जिसमें 14 अगस्त को हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया है। इससे पहले ईडी ने अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 18 नवंबर 2022 को करीब 10 घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी ने इस पूछताछ में पत्थर खनन से जुड़े कई सवाल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूछे थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी को एक खुली चिट्ठी लिखकर चुनौती दी थी। अब एक बार फिर हेमंत सोरेन जमीन घोटाला मामले में ईडी की रडार पर हैं।

**आयुक्त की रिपोर्ट पर हुई थी जांच**

लैंड स्कैम से जुड़े मामले में रांची प्रमंडल के तत्कालीन आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी की रिपोर्ट के आधार पर जांच हो रही है। सेना के कब्जे वाली जमीन के सिलसिले में जांच कर आयुक्त ने रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। जिसमें कहा गया है कि फर्जी नाम और पते के आधार पर सेना की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। रांची नगर निगम ने इस मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। ईडी ने इसी प्राथमिकी को इसीआइआर के रूप में दर्ज कर इसकी जांच शुरू की है।

## अविश्वास प्रस्ताव पर तीखी बहस

### कांग्रेस और भाजपा सांसदों के बीच जबरदस्त वार-पलटवार

**AGENCY NEW DELHI :** संसद के मानसून सत्र का 8 अगस्त को 15वां दिन था। लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर शाम 6 बजे तक चर्चा हुई। सबसे पहले कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने अपने अविश्वास प्रस्ताव पर 35 मिनट स्पीच दी। इस दौरान उन्होंने मणिपुर हिंसा से लेकर विदेश नीति तक के मुद्दे पर सरकार को घेरा। गोगोई ने कहा कि प्रस्ताव लाने का मकसद पीएम का मौन तोड़ना है। भाजपा की तरफ से निशिकांत दुबे ने कहा कि सोनिया गांधी का एक ही मकसद है- बेटे को सेट करना और दामाद को भेंट करना। गोगोई ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री को यह स्वीकार करना होगा कि उनकी डबल इंजन सरकार, मणिपुर में विफल हो गई। इसलिए मणिपुर में 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। राज्य के सीएम, जिन्हें बातचीत का, शांति और सद्भाव का माहौल बनाना चाहिए था, उन्होंने पिछले 2-3 दिनों में भड़काऊ कदम उठाए हैं जिससे समाज में तनाव पैदा हो गया है। इससे पहले सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही 12 बजे तक स्थगित कर दी गई थी। पीएम मोदी अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब 10 अगस्त को दे सकते हैं। विश्वास प्रस्ताव की शुरूआत गौरव गोगोई ने जैसे ही की, भाजपा सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। कहा- सुबह सेक्रेटरी जनरल के यहां चिट्ठी आई थी कि राहुल गांधी जी बोलेंगे। हम तो उनके भाषण का इंतजार कर रहे हैं। अब गौरव गोगोई बोल रहे हैं। 5 मिनट में आखिर क्या हो गया।

**गोगोई ने सरकार से 3 सवाल पूछे :** प्रधानमंत्री मोदीजी मणिपुर क्यों नहीं गए। राहुल गए, इंडिया अलायंस के सांसद गए, गृहमंत्री गए। अस्सी दिन क्यों लगे मणिपुर पर बोलने में। बोले तो सिर्फ 30 सेकेंड बोले। आज तक संवेदना का कोई शब्द व्यक्त नहीं किया। प्रधानमंत्री होने के नाते उनके शब्दों का जो महत्व है, वो किसी मंत्री के शब्दों में नहीं है। शांति के कदम की शुरूआत पीएम करें तो वो अच्छा है, मंत्री के कदम में ये ताकत नहीं। मणिपुर के मंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया। गुजरात में जब राजनीति करनी थी तो एक बार नहीं दो बार सीएम बदले। उत्तराखंड में 3 बार बदला, त्रिपुरा में बदला। मणिपुर के सीएम को क्या विशेष आशीर्वाद है, जो खुद स्वीकार कर रहे हैं कि इंटेलिजेंस फेलियर हुआ। पीएम को स्वीकार करना पड़ेगा कि मणिपुर में डबल इंजन की सरकार फेल हो गई। मणिपुर में भारत का गृह विभाग और रक्षा सलाहकार विभाग विफल रहा है।



लोकसभा संसद।

## राहुल को पुराना सरकारी बंगला मिला वापस

**NEW DELHI :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को मंगलवार को पुराना सरकारी बंगला 12 तुगलक लेन वापस मिल गया। संसद की हाउसिंग कमेटी ने राहुल की सांसदी बहाल होने के एक दिन बाद बंगला अलॉट किया। राहुल यह बंगला लेंगे या नहीं, इस पर उन्हें 8 दिन में जवाब देना होगा। राहुल जब कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे तो उनसे बंगला वापस मिलने पर सवाल किया गया। इस पर राहुल ने कहा- मेरा घर पूरा हिंदुस्तान है। 12 तुगलक लेन में राहुल गांधी 19 साल रहे। मोदी सरनेम मामले में 2 साल की सजा मिलने के बाद 22 अप्रैल 2023 को उन्हें ये बंगला खाली करना पड़ा था। राहुल 12 और 13 अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड भी जाएंगे। सांसदी बहाल होने के बाद यह उनका पहला वायनाड दौरा होगा। राहुल गांधी के साथ उनकी बहन प्रियंका भी बंगला खाली कराने गई थीं।

## पांच सितंबर को होगा डुमरी सीट पर उपचुनाव

### कार्यक्रम घोषित, 8 को मतगणना

**PHOTON NEWS RANCHI :** इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव की घोषणा कर दी है। 5 सितंबर को उपचुनाव होगी और 8 सितंबर को काउंटिंग। उपचुनाव के लिए 10 अगस्त को नोटिफिकेशन जारी होगा। नॉमिनेशन करने की आखिरी तारीख 17 अगस्त है। 18 अगस्त को स्क्रूटनी होगी। 21 अगस्त तक नॉमिनेशन वापस लेने की तारीख रखी गई है। बता दें कि डुमरी विधानसभा सीट तीन महीने से खाली है। डुमरी के विधायक और झारखंड के तात्कालीन शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का निधन 6 अप्रैल 2023 को चेन्नई में इलाज के दौरान हो गया था। जगरनाथ महतो के निधन के बाद 3 जुलाई को उनकी पत्नी बेबी देवी को उनकी जगह पर मंत्री बनाया गया है। डुमरी विधानसभा सीट खाली होने के बाद से ही झामुमो ने वहां पूरी जोर लगा दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक महीने में 3 बार डुमरी लोकसभा क्षेत्र का दौरा किया। लाखों की परिसंपत्तियों का वितरण किया और लोगों को संबोधित कर 1932 खतियान का मुद्दा जोरशोर से उठाया।




## युवक को सरेआम थूक चटवाया, लात से मारा

### लपेटे में आए पूर्व विधायक देवेंद्र कुंवर

**PHOTON NEWS JAMTARA :** मध्य प्रदेश में पेशाब कांड के बाद अब झारखंड में भी भाजपा के एक सीनियर लीडर सह जरमुंडी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुंवर पर एक युवक से उठक- बैठक करवाने, सरेआम थूक चटवाने और लात मारने का आरोप लगा है। जो आरोप लगे हैं, उससे संबंधित एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जरमुंडी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुंवर ने भरी सभा में खुद अपनी अदालत लगायी, फैसला सुनाया और सजा भी दे दी। जो वीडियो वायरल हुआ है, उसमें सैकड़ों लोगों के बीच एक युवक को सजा सुनाई जा रही थी। वीडियो में देवेंद्र कुंवर जज की भूमिका में नजर आ रहे हैं। उन्होंने पहले युवक को उठक- बैठक करने की सजा दी। युवक ने उठक-बैठक की।

## 11 अगस्त को हेमंत कैबिनेट की बैठक

**RANCHI :** झारखंड सरकार के कैबिनेट की बैठक 11 अगस्त को होगी। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में दो दर्जन से अधिक प्रस्तावों को स्वीकृति मिल सकती है। यह बैठक प्रोजेक्ट भवन सभागार में होगी। राज्य में कई महत्वपूर्ण जलापूर्ति योजनाओं की स्वीकृति के साथ सड़क निर्माण की अहम योजनाओं की भी मंजूरी मिलेगी। विभागों की ओर से तैयार प्रस्ताव को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने देने को कहा है। वहीं मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने बैठक की सूचना जारी कर दी है।

## 37 ENGINEERS पर कार्रवाई की तैयारी

**PHOTON NEWS RANCHI :** जल संसाधन विभाग के 37 इंजीनियर्स पर कार्रवाई की तैयारी अंतिम चरण में है। इन पर रांची, खूंटी, लोहरदगा, जमशेदपुर सहित अन्य जिलों की सिंचाई योजनाओं में वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप है। आठ साल से आरोपी इंजीनियर्स के खिलाफ मामला चल रहा है। इसमें 15 से ज्यादा इंजीनियर रिटायर हो चुके हैं। जल संसाधन विभाग के कई इंजीनियर दूसरे विभाग में योगदान दे रहे हैं। सीएम ने उनकी भी सूची मांगी है, जिनका मूल विभाग जल संसाधन है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार को लेकर सख्त हैं। वह जल संसाधन विभाग के मंत्री भी हैं। उनके आदेश के बाद पहले से ही तीन वर्ष के दौरान हुई निविदाओं की जांच प्रकिया चल रही है। अब हेमंत ने भ्रष्ट इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है।



### आरोपों के घेरे में इंजीनियर्स

रामेश्वर मिस्त्री जेई दुमका, रामअवतार ठाकुर एआई डिवीजन रांची, राजेंद्र रविदास एई जामताड़ा, राजेंद्र साजू जेई सिमडेगा, अरूण प्रसाद दास ईई, प्रमोद प्रसाद जेई, निरंजन उरांव, विरोद कुमार झा एमआई डिवीजन रांची, अमरनाथ सिंह ईई गिरिडीह, कृष्णानंदन सिंह, फलेश्वर पाठक जेई जमशेदपुर, जवादर प्रसाद मंडल जेई देवघर, धनुषधारी राय जेई देवघर, मथुरा प्रसाद जेई भंडरा ब्लॉक, अरूण कुमार सिंह ईई मेदिनीनगर, अशोक कुमार साहा जेई दुमका, कृष्ण देव नारायण सिंह ईई रांची, गणेश राम ईई खूंटी, राघवेंद्र चौधरी ईई खूंटी, सतीश चंद्र ईई रिटायर, विशंभर चौबे ईई रिटायर, बिजेंद्र प्रसाद सिन्हा ईई रिटायर, भीम कुमार ईई मोहरमा, अशोक कुमार एई हुसैनाबाद, अनिल कुमार जेई जमशेदपुर, मो. सरफराज इंद्रपुरी, विश्वनाथ बोईपोई एसई ईचागढ़, विवेकानंद मिश्रा चीफ इंजीनियर आदित्यपुर, शैलेंद्र कुमार मंडल ईई आदित्यपुर, रविकांत चौधरी एई लोहरदगा व राम इकबाल चौधरी एई जमशेदपुर आदि।

### पहली बार एससी-एसटी, ओबीसी और माइनोरिटी कैटेगरी के विद्यार्थियों का किया गया चयन

## ब्रिटेन और आयरलैंड में पढ़ेंगे झारखंड के 25 बच्चे

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के 25 बच्चे देश से बाहर मास्टर की पढ़ाई करने जाएंगे। ये बच्चे ब्रिटेन और आयरलैंड के विश्वविद्यालयों में पढ़ाई करेंगे। हाईयर एजुकेशन डिपार्टमेंट की ओर से चयनीत स्टूडेंट्स की लिस्ट जारी की गयी है। इनका सेलेक्शन मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति के तहत हुआ है। यह तीसरा साल है जब स्टूडेंट्स का सेलेक्शन फोरेन यूनिवर्सिटी के लिए हुआ है। इनकी पढ़ाई का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। लिस्ट फाइनल होने के बाद अब आगे की प्रक्रिया विभाग शुरू करने वाला है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इस वर्ष जिन बच्चों का सेलेक्शन हुआ है, उसमें पहली बार एससी, ओबीसी और माइनोरिटी कैटेगरी के बच्चों को शामिल किया गया है। इन तीन कैटेगरी से 15 स्टूडेंट्स सेलेक्ट हुए हैं। विभाग की सूची के अनुसार अनुसूचित जाति के पांच, पिछड़ा वर्ग के सात और अल्पसंख्यक वर्ग के तीन छात्रों का चयन किया गया है। वहीं मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति के लिए 25 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। इसमें अनुसूचित जनजाति के 10 स्टूडेंट्स हैं। इसके अतिरिक्त एक वेटिंग लिस्ट भी बनाया गया है। इसमें अनुसूचित जनजाति में 19 और पिछड़े वर्ग में नौ छात्र-छात्राओं को रखा गया है। इस लिस्ट में अनुसूचित जाति व अल्पसंख्यक वर्ग शामिल नहीं है। सभी चयनीत उम्मीदवारों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। यह सर्टिफिकेट 11 अगस्त को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन देंगे। इसके बाद चयनित छात्र पढ़ाई के लिए विदेश जा सकेंगे। सरकार पारदेशीय छात्रवृत्ति के जरिए उनके पठन-पाठन का खर्च उठाएगी।



### छात्रवृत्ति के लिए चयनित छात्र-छात्राएं

**अनुसूचित जनजाति** : कमल शाश्वत, ज्योति वंदना लकड़ा, आयुष स्टीफन टोप्पो, मेरी स्मृति कुजूर, मांगू पूर्ति, प्रफुल किरण केरकेट्टा, जे नीतू सोरेन, एच सिंह मुंडा, मधुमिता मुंडा और स्तुति होरो।

**अनुसूचित जाति** : निर्भय प्रकाश, श्रवण कुमार, ओम प्रकाश कुमार, निधि बाघवार और अक्षय कुमार।

**पिछड़ा वर्ग** : अभिषेक कुमार, मनीष कुमार, सूरज कुमार मोदी, प्रेरित राज, जिशान आलम, कुमार प्रीतम पूरी और मल्लिका महतो।

**अल्पसंख्यक वर्ग** : हसन अली बन्ना, मो. जिशान अहमद और फैजान अली।

## सेना के ड्रोन्स में चाइनीज पार्ट्स के इस्तेमाल पर रोक

**AGENCY NEW DELHI :** सेना के इस्तेमाल के लिए भारत में बनने वाले ड्रोन्स में अब चीन में बने पार्ट्स इस्तेमाल नहीं किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने इस पर रोक लगा दी है। सिक्योरिटी के लिहाज से यह फैसला कुछ महीनों पहले किया गया, हालांकि जानकारी 8 अगस्त को जारी एक रिपोर्ट से सामने आई। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार ने यह फैसला दोनों देशों के बीच बने तनाव के माहौल को देखते हुए किया है। सरकार भारतीय सेना को आधुनिक बनाने का काम कर रही है, इसमें मानव रहित क्वाडकॉप्टर, ऑटोनॉमस ड्रोन के साथ ही लंबी दूरी तक उड़ान भरने वाले ड्रोन शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक चीन में बने पार्ट्स इनकी जानकारी पड़ोसी देश को दे सकते हैं। इसलिए इन्हें बैन कर दिया गया है। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (एडीई) के डायरेक्टर वाई दिलीप के मुताबिक, एडीई मानवरहित स्टेल्थ ड्रोन और अधिक ऊंचाई तक उड़ने वाले ड्रोन पर काम कर रही है। हालांकि इसमें अभी काफी वक्त लगेगा। तब तक ड्रोन की कमी पूरी करने के लिए भारत अमेरिका से 31 एमक्यू-9बी ड्रोन खरीदेगा।



### BRIEF NEWS

## अमेरिकी एटमी मिसाइल बेस में 268 वर्कर कैंसर संक्रमित

**WASHINGTON :** अमेरिका के परमाणु मिसाइल बेस में कैंसर फैलाने वाले तत्व मिले हैं। मोंटाना न्यूक्लियर बेस में बड़ी संख्या में कर्मचारी कैंसर से ग्रस्त पाए गए हैं। अमेरिकी एयरफोर्स ने इसकी पुष्टि की है। अल जजीरा के मुताबिक मिसाइल बेस में कैंसर फैलने की शिकायत की गई थी। इसके बाद इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल बेस से सैंपल लिए गए, जिसमें कार्सिनोजेन पाया गया। टॉर्चलाइट इनिशिएटिव के मुताबिक, परमाणु मिसाइल साइट पर काम करने वाले 268 कर्मचारियों और उनके परिजनों ने पिछले कुछ सालों में कैंसर, खून से जुड़ी बीमारी या दूसरे गंभीर रोगों से पीड़ित होने की जानकारी दी है। मोंटाना बेस की 2 मिसाइल लॉन्च फैसिलिटी से लिए गए सैंपल्स में पीसीबी (कैंसर फैलाने वाला तत्व) का लेवल एनवॉयर्नमेंटल प्रोटेक्शन एजेंसी के अप्रूव्ड लेवल से ज्यादा है।

## जर्मनी में मिला 500 किलो का दूसरे विश्व युद्ध का बम

**DENMARK :** जर्मनी के डसलडॉर्फ शहर में सोमवार को वर्ल्ड वॉर 2 के समय का बम मिला। इसके बाद शहर के 13 हजार लोगों को टेम्परेरी तौर पर घर छोड़ने का आदेश दिया गया है। अमेरिका में बने इस बम का वजन 500 किलोग्राम है। डीडब्ल्यू के मुताबिक पुलिस, फायर ब्रिगेड और बॉम्ब स्क्वॉड मौके पर मौजूद हैं और बम को निष्क्रिय करने में लगे हैं। ये बम चिड़ियाघर के पास काम कर रहे वर्कर्स को मिला था। इसके बाद इसके आसपास 500 मीटर के एरिया से लोगों को हटा दिया गया और सड़कें बंद कर दी गईं। लोगों को शहर के 2 स्कूलों में शिफ्ट किया गया। शहर से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों का रूट बदल दिया गया।

## राजस्थान में लड़कियों से छेड़छाड़ करने पर नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

**RAJASTHAN :** राजस्थान सरकार ने फैसला किया है कि महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म के प्रयास और दुष्कर्म के आरोपियों और मनचलों को सरकारी नौकरियों से प्रतिबंधित किया जाएगा। इसके लिए मनचलों का भी पुलिस थानों में हिस्ट्रीशीटरों की तरह रिकॉर्ड रखा जाएगा। राज्य सरकार और पुलिस द्वारा जारी किए जाने वाले इनके कैरेक्टर सर्टिफिकेट में इस बता का उल्लेख किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसका ऐलान करते हुए कहा कि ऐसे तत्वों का सामाजिक बहिष्कार करना आवश्यक है। गहलोत ने देर रात कानून व्यवस्था की बैठक में अफसरों को आदतन मनचलों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के आदेश दिए हैं।

## पेपरफ्राई के सीईओ का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**NEW DELHI :** पेपरफ्राई के को-फाउंडर और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंबरीश मूर्ति का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। 51 साल के मूर्ति लेह में थे, जब उन्हें दिल का दौरा पड़ा। कंपनी के सह-संस्थापक आशीष शाह ने इसकी पुष्टि की है। पेपरफ्राई के एक और सह-संस्थापक आशीष शाह ने ट्वीट कर कहा कि यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मेरे दोस्त, मेंटर, भाई अंबरीश मूर्ति अब नहीं हैं।

BRIEF NEWS

### उपचुनाव की घोषणा होते ही डुमरी विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू

**GIRIDIH/BOKARO :** डुमरी विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की घोषणा होते ही चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई है। गिरिडीह और बोकारो में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। इस बीच न कोई ट्रांसफर पोस्टिंग होगी और ना ही किया योजना का शिलान्यास या उद्घाटन ही। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने 8 अगस्त की देर शाम संवाददाता सम्मेलन में बताया कि डुमरी विस उपचुनाव की घोषणा होने के साथ ही जिला प्रशासन शांतिपूर्ण तरीके के बीच मतदान और मतगणना कराने की प्रकिया में जुट गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने प्रेसवार्ता में कहा कि चुनाव की घोषणा के साथ ही गिरिडीह और बोकारो में आदर्श अचार संहिता लागू कर दिया गया है और अब दोनों जिलों में ही इसे सख्ती से लागू कराया जाएगा। इधर, बोकारो के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने बताया कि बोकारो जिला अंतर्गत नावाडीह व चंद्रपुरा प्रखंड के कुल 174 मतदान केंद्र में डुमरी विधानसभा उपचुनाव की वोटिंग होगी।

### झारखंड खतियान मोर्चा डुमरी उपचुनाव में उतारेगा उम्मीदवार : सफी

**RANCHI:** झारखंड खतियान मोर्चा- सूर्य सिंह बेसरा गुट डुमरी विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन और एनडीए के खिलाफ कड़ी चुनौती पेश करने के लिए अपना उम्मीदवार उतारेगा। यह घोषणा पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा व इमाम सफी ने की। झारखंड खतियान मोर्चा की ओर से कई उम्मीदवार विधायिका पाठशाला में प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिसमें रकीब आलम का नाम सबसे आगे है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस बार प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवार मैदान में होंगे और पक्ष और विपक्ष को चुनौती पेश करेंगे। यह जानकारी जेकेएम के संस्थापक सदस्य इमाम सफी ने दी।

### कांग्रेस करेगी आदिवासी गौरव महासभा, अविनाश पांडेय शामिल होंगे



**RANCHI:** विश्व आदिवासी दिवस एवं अगस्त क्रांति के मौके पर 9 अगस्त को कांग्रेस कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करेगी। सुबह 11 बजे कांग्रेस भवन में अगस्त क्रांति के मौके पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। विश्व आदिवासी दिवस पर बनहोरा में आदिवासी गौरव महासभा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय हिस्सा लेंगे। इसके अतिरिक्त प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री एवं पार्टी के अन्य नेतागण शामिल होंगे। इसके बाद शाम चार बजे पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी की बैठक होगी।

### कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय आज रांची में



**RANCHI:** विश्व आदिवासी दिवस और झारखंड सरकार भव्य तरीके से आदिवासी महोत्सव का आयोजन 9-10 अगस्त को किया जाना है। इस बीच पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे 9 अगस्त को रांची पहुंच रहे हैं। अविनाश पांडेय के आगमन को लेकर जारी कार्यक्रम में उनका झारखंड आदिवासी महोत्सव में शामिल होने का कोई कार्यक्रम दशार्या नहीं गया है। इसे लेकर जब प्रदेश कांग्रेस नेताओं से संपर्क किया गया तो उन्होंने ऑफ द रिकार्ड बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अविनाश पांडेय को ऑफिशियल कोई सूचना नहीं दी गयी है।

---

**विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रांची विश्वविद्यालय में कार्यक्रम में बोले राधाकृष्णन**

# राज्यपाल ने कहा, झारखंड वीरों की भूमि



कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड वीरों की भूमि है। इस राज्य में धरती आबा बिरसा मुण्डा, बीर बुधु भगत, सिद्धो-कान्हु, चांद-भैरव, फूलो-झान्हो, जतरा भगत, दिवा किशुन, सहित अनेक महान विभूति हुए हैं। उन्होंने देश एवं समाज के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इनका जन्म जनजाति कुल में ही हुआ। उन्होंने इन महान सपूतों के साथ अन्य सभी विभूतियों को भी नमन किया। राज्यपाल मंगलवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रांची विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य ही उनकी अनूठी जीवनशैली और इस भूमि से उनके प्रगाढ़ संबंध से भावी पीढ़ियों को अवगत कराना है। इतिहास में उनके द्वारा विभिन्न अधिकारों और मातृभूमि के लिए किए गए संघर्ष एवं त्याग अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि देश की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा जनजातियों का है। सभी जानते हैं कि अति प्राचीन काल से ही आदिवासी समुदाय भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के अभिन्न अंग रहे हैं। इस समुदाय का इतिहास काफी समृद्ध रहा है। विश्व स्तर पर इसकी अमिट पहचान रही है। राज्यपाल ने कहा कि जनजातियों की कला, संस्कृति, लोक सहित्य, परंपरा एवं रीति-रिवाज समृद्ध रही है। जनजातीय गीत एवं नृत्य बहुत मनमोहक है। उनके गायन और नृत्य उनके समुदाय तक ही सीमित नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि जनजाति समाज प्रकृति प्रेमी होते हैं। इसकी झलक इनके पर्व-त्योहारों में भी दिखती है। ग्लोबल वार्मिंग के दौर में प्रकृति की रक्षा करना प्रत्येक मानव का कार्य है। सम्पूर्ण विश्व को इन सभ्यताओं से सीख लेते हुए प्रकृति की रक्षा के लिए आगे आने की जरूरत है।

# विधायक कोचे मुंडा ने हाथी प्रभावित ग्रामीणों के बीच किया टॉर्च का वितरण



**PHOTON NEWS KHUNTI:** तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुडा ने मंगलवार को जंगली हाथियों से प्रभावित गांवों का दौरा किया और गजराजों को भगाने के लिए गांववालों के बीच टॉर्च का वितरण किया। मौके पर विधायक ने कोटेंगसेरा स्थित मंदिर परिसर मे पीपल के पौधे लगाये। कोचे मुंडा ने रनिया प्रखंड के जयपुर महुआटाली के ग्रामीणों के बीच टॉर्च का वितरण किया। बाद में विधायक ने तांबो बाजार टोली जाकर हाथी से पीड़ित ग्रामीणों के बीच टॉच का वितरण किया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज गांव-घरों में हाथियों के हमले बढ़े हैं। इसके लिए बहुत हद तक हम मानव ही जिम्मेवार हैं। हमने जगलों को उजड़ना शुरू कर दिया। ऐसी स्थिति गजराज जंगलों को छोड़कर गांवों की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगायें और उनका संरक्षण करे।

# हेमंत सोरेन पर बाबूलाल मरांडी का तीखा प्रहार




फाईल फोटो

**PHOTON NEWS RANCHI:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा हमला बोला। मरांडी ने कहा 18 नवंबर, 2022 को हुए 10 घंटे की पूछताछ के बाद 14 अगस्त को दुबारा पूछताछ के लिए सम्मन भेजा है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री ने इतिहास रचा है। वे देश के इतिहास में सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री के खिताब पाने वाले पहले मुख्यमंत्री हो गए हैं। इतना ही नहीं वे सिटिंग मुख्यमंत्री के रूप में ईडी के समक्ष प्रस्तुत होने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं।

उन्होंने कहा कि इस बार हेमंत सोरेन स्वयं के एवं परिवार के नाम से राजधानी रांची में आदिवासी की जमीन हड़पते हुए जो घोटाला किया है एवं जो मनी लांड्रिंग की है उसके बारे में पूछताछ होगी। उन्होंने कहा कि उन्हें जवाब देना ही होगा कि उनके खानदान ने एवं उन्होंने गरीब आदिवासी की जमीन हड़पी या नहीं।

उन्होंने कहा कि ऐसे में तिलमिलाए मुख्यमंत्री जांच एजेंसियों पर जरूर सवाल खड़ा करेंगे लेकिन इससे सच्चाई नहीं छुप सकती। बाबूलाल ने कहा कि अब कोई आदिवासी कार्ड आपको काम नही आयेंगे। क्योंकि, जनजाति समाज आपको समझ चुका है। आपको जनजाति समाज प्रिय नहीं है, बल्कि लूट में साथ देने वाले साथी प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल, पंकज मिश्रा आपके प्रिय हैं और फंसने पर आदिवासी याद आने लगते हैं।

**शहीद निर्मल महतो चौक का होगा सौंदर्यीकरण : झामुमो**

# झामुमो, आजसू ने शहीद निर्मल महतो को श्रद्धासुमन अर्पित किया



झामुमो और आजसू के सदस्य निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI:** झामुमो और आजसू ने झारखंड आंदोलन के योद्धा शहीद निर्मल महतो की पुराना जेल चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। उनके 36वें शहादत दिवस के मौके पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं राज्य समन्वय समिति सदस्य विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि निर्मल महतो की प्रतिमा उस समय स्थापित किया गया था, जिस समय आबादी कम थी। अब आबादी तीन गुना बढ़ी है। अब जरूरत है कि चौक के अगल- बगल का रास्ता चौड़ा हो। चारों तरफ सरकारी दीवारें हैं, जिन्हें तोड़ कर चौक को चौड़ा करते हुए सुंदरीकरण किया जाएगा। निर्मल महतो की एक आदमकद प्रतिमा भी लगायी जायेगा, जो उनकी कृति आधारित प्रतिमा होगी। निर्मल महतो के संघर्षों की बदौलत आज सभी झारखंड में चैन की सांस ले रहे हैं। इस मौके पर महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि निर्मल महतो हम कार्यकताओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इनके नाम मात्र से ही हम सबों को उर्जा मिलती है। पूरा झारखंड निर्मल दा और उनके परिवार का ऋणी है।

**मौके पर झामुमो नेता थे मौजूद**

इस मौके पर जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम, डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, सुशीला एक्का, समनुर मंसुरी, पवन जेडिया, चिंतामणी सांगा, अंतु तिर्की, अफरोज अंसारी, रोशन सिंह, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहु, कलाम आजाद, रामानंद बेदिया, लालजय कुमार नाथ शाहदेव सहित कई उपस्थित थे।

**जमशेदपुर : निर्मल महतो हत्याकांड का पटाक्षेप होना चाहिए– सुदेश महतो**

वहीं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड के माटी पुत्र वीर शहीदों का कर्ज वर्तमान झारखंडियों पर है। यह कर्ज उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। निर्मल महतो की हत्या का सूत्रधार कौन है, इसे झारखंड जानना चाहता है। इसका पटाक्षेप होना चाहिए। उक्त बातें सुदेश महतो ने शहादत दिवस पर जमशेदपुर में आयोजित आजसू की ह्यनिर्मल महतो डहर संकल्प यात्राह्न को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि निर्मल दा के साहस, मूल्य, आदर्श और विचार हमारे अंतर्मन में हमेशा के लिए बसे होते हैं।

**अलग राज्य बना, पर शहीद के सपनों का झारखंड अधूरा**

आजसू का गठन निर्मल दा की दूरदृष्टि और सोच का ही परिणाम था। दरअसल वे जानते थे कि झारखंड आंदोलन को लक्ष्य तक कौन पहुंचा सकता है। वीर निर्मल ने भाषा, संस्कृति, विचार, अस्मिता की रक्षा के साथ शोषणविहीन अलग प्रदेश की कल्पना की थी। अलग राज्य बना, पर शहीद के सपनों का झारखंड अधूरा है। उन्होंने कहा कि अभी समर शेष है। मौजूदा पीढ़ी और खासकर युवाओं का दायित्व है कि शहीद के अरमानों और राज्य गठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए संघर्ष पथ पर चलते हुए इसे अंजाम तक पहुंचाएं।

इस मौके पर पूर्व मंत्री रामचंद सहिस, विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, डॉ देवशरण भगत, हरेलाल महतो, गौतम सिंह समेत कई नेताओं ने भी संबोधित किया।

# ST सुरक्षित सीटों के बाद SC के लिए रिजर्व सीटों पर भाजपा की नजर

**अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित लोकसभा-विधानसभा सीटों को जीतने का भाजपा ने बनाया प्लान**

● अनुसूचित जाति के आम लोगों और प्रबुद्ध जनों की सूची तैयार करेगा मोर्चा




**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड में आदिवासियों के लिए आरक्षित लोकसभा और विधानसभा सीटों पर भाजपा खूब मेहनत कर रही है। अब पार्टी की नजर अनुसूचित जाति की सुरक्षित सीटों पर भी है। इन सीटों पर चुनावी तैयारी को लेकर पार्टी के प्रदेश कार्यालय में भाजपा एससी मोर्चा की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मोर्चा के कार्यकर्ता राज्य सरकार के दमनकारी कार्यों के खिलाफ दृढ़ता से खड़े रहें और अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ें। उन्होंने मोर्चा को अपने-अपने क्षेत्र की अनुसूचित जाति के आम लोगों और प्रबुद्ध जनों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। उन्हें पार्टी से जोड़ने को भी कहा। कहा कि झारखंड में अनुसूचित जाति के लिए 9 विधानसभा सीटें आरक्षित हैं। इनमें से 6 अभी भाजपा के पास है, जबकि लोकसभा की एक सीट भी एससी के लिए आरक्षित है। इस सीट पर भी भाजपा का कब्जा है। 2024 में लोकसभा और विधानसभा की सभी एससी सुरक्षित सीटें भाजपा के खाते में आए, इसके लिए अभी से कोशिश शुरू करनी होगी।

**संकल्प यात्रा को लेकर कार्यकताओं को निर्देश**

मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अमर बाउरी ने कहा कि एससी मोर्चा ने पिछले तीन वर्षों में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के सभी कार्यक्रमों को पूरा किया है। समय-समय पर प्रदेश, जिला और मंडल स्तर पर बैठकें आयोजित करती रही हैं। दलितों के खिलाफ जब भी कोई अत्याचार हुआ है, उसके खिलाफ मोर्चा ने सड़क से सदन तक आंदोलन किया है। उन्होंने कार्यकताओं को बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर भी निर्देश दिये।

# राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप के लिए आयोजन समिति का हुआ गठन

**मंत्री मिथलेश ठाकुर बने अध्यक्ष, नवंबर में होगा आयोजन**



**PHOTON NEWS RANCHI:** खेल गांव रांची में 24 से 26 नवंबर तक होने वाली 29वीं राष्ट्रीय सब जूनियर तथा सीनियर थांग-टा चैंपियनशिप के बेहतर आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बाबत मंगलवार को रांची में जल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर के आवास पर झारखंड थांग-टा संघ की एक बैठक संपन्न हुई। इसमें चैंपियनशिप के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया।

समिति का अध्यक्ष मंत्री मिथलेश ठाकुर को बनाया गया है जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद के उप प्राचार्य रेजा इश्तियाक को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा झारखंड थांग-टा संघ के अध्यक्ष रंजीत केशरी एवं महासचिव मनोज शर्मा को बनाया गया है। मनोज आयोजन समिति के सचिव एवं कोषाध्यक्ष होंगे। गढ़वा विधायक प्रतिनिधि संजय चौधरी, पवन बरनवाल, राजेश कुमार चौधरी आयोजन समिति के संयुक्त सचिव होंगे। सके अलावा विभिन्न जिला थांग-टा संघों के सचिव को आयोजन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। इसमें विनित कुमार यादव (रांची), श्रवण साहू (लोहरदगा), सोनामोती कुमारी (पलामू), सुनील कुमार प्रसाद (पूर्वी सिंहभूम), कृष्णा कुमार साव (धनबाद), संजू कुमार (बोकारो)। शंकर राम (कोडरमा), उदय कुमार (हजारीबाग) तथा उदय शंकर भारती (दुमका) शामिल हैं।

**JMM के कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण की तैयारी में लगे**

# झारखंड में लोकसभा चुनाव में जीत के लिए नेताओं की यात्राओं का दौर शुरू




**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर अभी से ही सभी राजनीतिक पार्टियां कमर कस चुकी हैं। एनडीए बनाम इंडिया की 2024 में होने वाली चुनावी संघर्ष से पहले यात्रा के माध्यम से सभी दलों के नेताओं ने जनता के बीच जाने का मन बनाया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 17 अगस्त से राज्य के 81 विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की संकल्प यात्रा पर निकलेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण की तैयारी में लगे हैं।

बाबूलाल मरांडी ने यात्रा के पहले गिरिडीह के मधुबन में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के संकल्प को दोहराते हुए झारखंड के 14 लोकसभा सीट पर जीत सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी लड़ाई परिवारवाद और राष्ट्रवाद के बीच है। मायावी शक्तियां भेष बदलकर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालना चाहती हैं। इस मंसूबे को नाकाम करते हुए उन्हें कठोर सजा दिलानी है।

बाबूलाल मरांडी राज्य के सभी 14 लोकसभा क्षेत्र के 81 विधानसभा के लिए यात्रा शुरू करने वाले हैं। इस यात्रा के दौरान बाबूलाल मरांडी जहां राज्य की जनता की समस्याओं से रूबरू होंगे उनका दुख दर्द जानेंगे। जनता के बीच हेमंत सोरेन की झूठ की बुनियाद पर बनी सरकार का पोल भी खोलेंगे। बाबूलाल मरांडी का संकल्प राज्य में सभी 14 लोकसभा सीट पर भाजपा का परचम लहराने का है।

इधर, एनडीए का घटक दल आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो जहां हल्ला बोल जन पंचायत यात्रा कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस में फिर एक बार प्रदेश स्तर पर भारत जोड़ो यात्रा 2.0 की तैयारी में लग गयी है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और जदयू भी इसी तरह की राजनीतिक यात्रा की तैयारी में लगी है। नेताओं की चुनावी यात्रा से पहले ही आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। कोई 14 में 14 लोकसभा सीट को जीतने का दावा कर रहा है तो कोई महंगाई, बेरोजगारी, मणिपुर के मुद्दे पर विपक्ष को घेरने की बात कर रहा है।

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि हम लोग लगातार यात्रा करते रहते हैं लेकिन बाबूलाल मरांडी अब चुनावी यात्रा पर निकलने वाले हैं। राकेश सिन्हा ने कहा कि बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा निकाले उसका स्वागत है लेकिन राज्य की जनता उनसे उम्मीद कर रही है कि वह देश के बदतर आर्थिक स्थिति, मणिपुर पर पीएम के मौन रहने, बेरोजगारी, महिलाओं पर जुल्म सहित कई मुद्दों पर अपनी बात कहेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि बाबूलाल मरांडी अपनी संकल्प यात्रा के दौरान यह भी जनता को बताएंगे कि उन्होंने इससे पहले भाजपा में नहीं जान और कुतुब मीनार से कूद जाने का संकल्प लिया था उस संकल्प से वह पीछे क्यों हट गए।

उन्होंने कहा कि चुनावी यात्रा के सहारे वोटरों को साधने की कवायद कोई नई नहीं है। अंतर सिर्फ इतना आया है कि पहले यात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर होती थीं। चाहे लालकृष्ण आडवाणी की भारत उदय यात्रा हो, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा फिर काफी पहले की गई चंद्रशेखर की यात्रा हो। अब उन यात्राओं का छोटा प्रारूप राज्य में भी दिखता है।

# झारखंड छात्र जदयू ने निर्मल महतो विचार मंच का किया गठन



**PHOTON NEWS RANCHI:** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के छात्र जदयू की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति ने मोरहाबादी के गांधी वाटिका में निर्मल महतो विचार मंच का गठन किया। मंच के गठन के बाद एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर झारखंड छात्र जदयू के प्रभारी डॉ विनय भरत ने प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो का संदेश पढ़ कर सुनाया। युवाओं के लिए संदेश था कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करना निर्मल महतो की पहचान थी। वे लगातार सूदखोरों और जमीन दलालों के द्वारा दलित आदिवासी परिवार के दमन के खिलाफ खड़े रहे। एमएलसी बनने का मौका मिला, लेकिन आदिवासी साथी हालेन कुजूर का नाम आगे कर खुद को पीछे कर लिया। निर्मल महतो त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति थे।

**निर्मल महतो के विचारों पर चलने की जरूरत**

झारखंड छात्र जदयू के अध्यक्ष रंजन कुमार ने भी अपना विचार रखा। कहा कि मौजूदा वक्त में हमें जरूरत के हिसाब से टाना भगत के गांधी और कभी लौह इस्पात वाले निर्मल महतो के आदर्शों पर चलने की जरूरत है। विश्वविद्यालय समिति के सदस्य शमी, अमन, ओमकार, शुभम, अमन, विक्की और आलोक ने भी अपने विचार रखे।

# अब बिना पैसा खर्च किए मिलेगी कोर्ट आदेश की कॉपी, HC ने सिविल कोर्ट को दिया निर्देश

## न्यायिक कार्यों में सर्टिफाइड कॉपी के रूप में भी किया जा सकेगा इस्तेमाल




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** अब सिविल कोर्ट द्वारा जिन अभियुक्तों की जमानत अर्जी खारिज होगी, उन्हें बिना किसी शुल्क के न्यायालय के आदेश की कॉपी मिलेगी। इस संबंध में झारखंड हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जो भी विचाराधीन कैदी जेल में बंद हैं, वह जमानत अर्जी रद्द होने पर उसकी कॉपी निःशुल्क प्राप्त करने के अधिकार हैं। इसलिए राज्य के सभी ट्रायल कोर्ट को यह निर्देश दिया जाता है कि जमानत याचिका रद्द होने पर अभियुक्त के वकील को बिना किसी शुल्क के रिजेक्शन ऑर्डर की कॉपी मुहैया कराई जाए। यह कॉपी सभी न्यायिक कार्यों में सर्टिफाइड कॉपी के रूप में भी इस्तेमाल की जा सकेगी। इससे पहले जमानत अर्जी खारिज होने के बाद उसकी कॉपी लेने के लिए पैसे खर्च करने पड़ते थे।

## BRIEF NEWS

### नामकुम में दुकान से डेढ़ लाख रुपये के मोबाइल की चोरी

**RANCHI :** नामकुम थाना क्षेत्र के सदाबहार चौक स्थित डीएन सिंह मार्केट में सिंह इंटरप्राइजेज मोबाइल दुकान में चोरों ने एस्बेस्टस की छत काट कर लगभग डेढ़ लाख रुपये के मोबाइल की चोरी कर ली। दुकान के मालिक रूपेश सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम में दुकान बंद कर अपने घर चले गये थे। मंगलवार की सुबह जब दुकान खोला, तो देखा कि चोरों ने एस्बेस्टस सीट को काट कर लाखों रुपये के मोबाइल और नगदी की चोरी कर ली है। घटना की सूचना पर नामकुम पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन की है। बताया गया कि सीसीटीवी कैमरे में चोरी घटना कैद हो गयी है। पुलिस चोरों का पता लगाने में जुट गयी है।

### बूटी मोड़ में सड़क पर गिरा पेड़, 2 किलोमीटर लंबा लगा जाम

**RANCHI :** शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में से एक बूटी मोड़ के पास सड़क पर पेड़ गिर गया। इसकी वजह से करीब 2 किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया है। हालांकि ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने मोर्चा संभालते हुए वाहनों का अवागमन सुचारु कर दिया है। इसके बावजूद भी सड़क पर जाम की स्थिति बनी हुई है। बता दें कि हाईवे से जोड़ने वाली सड़कों पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में गाड़ियां आती-जाती हैं। ऐसे में पेड़ गिरने से घंटों तक गाड़ियां जाम में फंसी रहीं।

### छह बीडीओ का हुआ तबादला, अधिसूचना जारी

**RANCHI :** ग्रामीण विकास विभाग ने छह बीडीओ का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। बीडीओ बिश्रामपुर प्रशांत कुमार हेंब्रम को स्थानांतरित करते हुए बीडीओ नवाडीह बोकारो के पद पर पदस्थापित किया गया है। रमेश कुमार यादव को पेशरार से स्थानांतरित करते हुए सिसई गुमला का बीडीओ बनाया गया है। सुनीता खलखो की सेवा कार्मिक विभाग को वापस की गयी है। प्रवीण चौधरी को महागामा के प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। राम गोपाल पांडे को राजधनवार से स्थानांतरित करते हुए उनकी सेवा कार्मिक विभाग को सौंपी गयी है। वहीं विकास कुमार को बीडीओ निरसा से स्थानांतरित करते हुए उनकी सेवा कार्मिक विभाग को वापस की गयी है।

### श्रीलंका के व्यापारिक दौरे से लौटे झारखंड चैंबर के सदस्य, हुआ स्वागत

**RANCHI :** श्रीलंका के चार दिवसीय दौरे पर गये झारखंड चैंबर के 24 सदस्यीय दल सोमवार को रांची पहुंचा। अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में आये प्रतिनिधियों का चैंबर के पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी और कोषाध्यक्ष सुनिल केडिया ने स्वागत किया और इस सफल बिजनेस ट्रीप के लिए सभी को बधाई दी। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने झारखंड चैंबर के इस बिजनेस ट्रीप को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि श्रीलंका में हमलोगों ने स्थानीय स्टेकहोल्डर्स के साथ एक-दूसरे के बिजनेस आइडिया को शेयर किया, जिससे काफी कुछ सीखने को मिला है। इस ट्रीप के दौरान श्रीलंका के कई प्रतिष्ठित कंपनियों के सीईओ, एमडी, बैंक के वरीय अधिकारी और श्रीलंका सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. बंदुला गुनावर्द्धना के साथ भी उच्चस्तरीय बैठकें हुई है। बैठक के दौरान दोनों देश के मौजूदा ढांचे के तहत व्यापार, उद्योग और सेवा क्षेत्रों, बिजनेस

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

## अभी जेल में ही रहेंगे रांची के पूर्व DC छवि रंजन, जमानत याचिका खारिज, पांच अगस्त को सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला रखा था सुरक्षित

**RANCHI :** रांची में हुए आर्मी जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद आईएएस अधिकारी छवि रंजन को अब जमानत नहीं मिलेगी। ईडी की स्पेशल कोर्ट ने आईएएस छवि रंजन की ओर से दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। ईडी की विशेष अदालत के विशेष न्यायधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई हुई। दरअसल पांच अगस्त को हुई सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला रख लिया था। आज कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

**पार्थी वकील ने बताया था निर्दोष :** ईडी की गिरफ्तारी के खिलाफ कोर्ट में छवि रंजन ने याचिका दाखिल करते हुए जमानत की गुजारिश की थी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के वकील ने कहा था कि छवि रंजन मामले में निर्दोष है। उन पर मनी लाउंड्रिंग का केस नहीं बनता है, इसलिए उन्हें जमानत दी जाये। इसका विरोध ईडी के वकील शिव कुमार काका ने किया था। उनकी ओर से कहा गया था कि छवि रंजन फजीर्वाड़ा कर भूमि खरीद-बिक्री मामले के मुख्य सूत्रधार हैं। रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर 4 मई को गिरफ्तार किया गया था। सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री में फजीर्वाड़ा का खुलासा सबसे पहले आयुक्त की जांच रिपोर्ट में हुआ था। रिपोर्ट में यह बात सामने आयी थी कि प्रदीप बागची नामक व्यक्ति ने फर्जी रैयत बनकर जगत बंधु टी इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दिलीप कुमार घोष को उक्त जमीन बेची है। जमीन की खरीद-बिक्री के लिए रजिस्ट्री में प्रदीप बागची ने जिन होल्डिंग नंबर से संबंधित दो अलग-अलग कागजातों को लगाया था, वह जांच में फर्जी मिले थे।



### जमीन घोटाले से जुड़े दस्तावेज में उलझे छवि रंजन

ईडी को अपने जांच के दौरान पावर ब्रोकर के रूप में चिह्नित प्रेम प्रकाश सहित जमीन के दस्तावेज में जालसाजी करने वालों के साथ छवि रंजन के मधुर संबंधों और उन्हें मदद पहुंचाने से संबंधित तथ्य मिले है। चार मई को पूछताछ के दौरान छवि रंजन ने खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश की थी। इस दौरान उन्होंने सभी आरोप अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर मढ़ते रहे। वहीं, छवि रंजन ने प्रेम प्रकाश से मिलने की बात से भी इनकार किया। हालांकि, जमीन घोटाले से जुड़े दस्तावेज को दिखा कर पूछे गये सवालों में छवि रंजन उलझ गये। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

## एनडब्ल्यू जीएल चर्च मामले की सुनवाई 11 अगस्त को

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के नौ माह बाद भी एनडब्ल्यू जीईएल चर्च मामले की जांच रिपोर्ट अदालत को नहीं सौंपी गयी है। इस मामले की सुनवाई के लिए अदालत ने 11 अगस्त की तारीख मुकर्रर की है। दरअसल याचिकाकर्ता एम मिंज के अधिवक्ता विनोद सिंह ने जुलाई 2022 में एनडब्ल्यू जीईएल चर्च में आर्च बिशप के पद, डायसिस विभाजन और चर्च सोसाइटी के बॉयलाज उल्लघंन को लेकर अवमानना याचिका दायर की थी। इसके बाद 19 अक्टूबर को हाईकोर्ट ने निबंधक महारजिस्ट्रार को पूरे मामले में चर्च सोसाइटी के बॉयलाज, निबंधन सहित अन्य मामलों में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद तीन माह में जांच रिपोर्ट न्यायालय को सौंपने का आदेश दिया था। न्यायालय के आदेश को याचिकाकर्ता ने 28 अक्टूबर को निबंधक महानिरीक्षक कार्यालय में जमा किया। इसके बाद छह बार निबंधक महानिरीक्षक कार्यालय में सुनवाई हुई।

## दाहू यादव की याचिका पर अब 14 अगस्त को होगी सुनवाई

**RANCHI :** आर्म्स एक्ट एवं हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी दाहू यादव उर्फ राजेश यादव की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने दाहू यादव की अग्रिम जमानत याचिका को इस मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका के साथ संलग्न करते हुए अगली तिथि 14 अगस्त निर्धारित की है। दरअसल, 14 अगस्त को इस मामले के अन्य आरोपियों की भी अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई होनी है, जिस कारण कोर्ट ने इस मामले की भी सुनवाई उसी दिन निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची ने पैरवी की। बता दें कि वर्ष 2022 में दाहू यादव के खिलाफ आर्म्स मामले में साहिबगंज के मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 29/2022 दर्ज किया गया था। इस मामले में निचली अदालत ने उनकी जमानत अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट के लिए याचिका दाखिल की गई है।

## उषा मार्टिन के जीएम राजीव झंवर की व्यक्तिगत पेशी से छूट की याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

### कोर्ट ने कहा- शुरूआती पेशी से छूट देना समाज के लिए भ्रामक संदेश

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट ने उषा मार्टिन के जीएम राजीव झंवर की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने ट्रायल कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट की मांग की थी। उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का आरोप है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि आरोपी की ओर से दाखिल याचिका को ट्रायल कोर्ट ने यह कहकर खारिज किया कि उसने जांच में सहयोग नहीं किया है और देश छोड़ दिया। अभियुक्त के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं। और अगर इस प्रकृति के मामले में किसी आरोपी को ऐसा विशेषाधिकार दिया जाता है, तो लोगों का न्याय प्रशासन पर से भरोसा उठ जाएगा। कोर्ट ने कहा कि गंभीर आरोपों से जुड़े मामलों में शुरूआती पेशी से छूट देने से समाज में भ्रामक संदेश जाएगा। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा था कि वह उषा मार्टिन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं और उन्होंने जांच में सहयोग किया है। उनका स्वास्थ्य बेहतर नहीं है। इसलिए उन्हें व्यक्तिगत पेशी से छूट दी जाए। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में राजीव झंवर की याचिका पर सुनवाई हुई।

## झारखंड में जारी रहेगी हल्की बारिश, कई जगहों पर जलजमाव की वजह से बढ़ी परेशानी

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में अगले तीन दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा जैसा है। कई इलाकों में हल्की- हल्की बारिश होगी, आसमान में बादल छाए रहेंगे। संताल के कई इलाकों में बारिश की संभावना जताई गयी है। मौसम विभाग ने बताया है कि बंगाल की खाड़ी में एक टर्फ बना हुआ है। यह झारखंड, बिहार, यूपी होता हुआ पंजाब की ओर जा रहा है। इसी का असर झारखंड पर पड़ रहा है। मंगलवार को करीब-करीब सभी जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गयी है। राज्य में सबसे अधिक बारिश 75 मिमी के आसपास बारिश लोहरदगा के कुडू में हुई। रांची में लगभग 24 मिमी बारिश दिन भर में रिकार्ड हुई है। पिछले दो दिनों में देवघर में 27 एमएम बारिश का रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने बताया है कि एक टर्फ अभी उत्तरी बांग्लादेश में स्थित है। इससे आठ अगस्त को राज्य के सभी जिलों में एक-दो स्थानों को छोड़ शेष जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। आठ और नौ अगस्त को राज्य के कुछ जिलों में तेज बारिश हो सकती है। आठ अगस्त को 90% और नौ अगस्त को 100% बारिश का अनुमान है। 10 अगस्त के बाद थोड़ी राहत मिल सकती है। झारखंड में 28 जुलाई से 4 अगस्त तक अच्छी बारिश हुई। इस बारिश से किसानों को राहत मिली है। बारिश से खेतों में पानी बढ़ा है और किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी। इससे पहले सुखाड़ की आशंका बनी हुई थी। राजधानी रांची में 31 जुलाई से ही बादल छाए हैं। मंगलवार यानी आज भी आसमान बादलों से घिरा है और बारिश की संभावना है। राज्य के कई हिस्सों में भले ही बारिश ने किसानों को थोड़ी राहत दी है।

### कुख्यात राजू गोप के केस का ट्रायल तीन महीने में पूरा करने का निर्देश

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट में कुख्यात अपराधी राजू गोप की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने एक ही केस में दो बार आरोप गठित करने के निचली अदालत के एक फैसले को रद्द करते हुए तीन महीने में ट्रायल पूरा करने का निर्देश दिया। न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में राजू गोप की याचिका पर सुनवाई हुई। उसके खिलाफ रांची की निचली अदालत ने 23 अगस्त 2021 को आरोप गठित किया था। राजू गोप के खिलाफ रांची समेत अन्य जिलों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## टेरर फंडिंग मामले में कुख्यात नक्सली विजय व आनंदी से तीन दिन तक पूछताछ करेगी NIA

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड में टेरर फंडिंग मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। इस मामले को लेकर एनआईए माओवादियों के मगध जोन प्रमुख रहे 25 लाख के इनामी प्रद्युम्न शर्मा के करीबी सहयोगी आनंदी पासवान उर्फ आनंद पासवान और विजय कुमार आर्य से पूछताछ करेगी। एनआईए इन दोनों नक्सलियों से आठ, नौ व दस अगस्त तक पूछताछ करेगी। पूछताछ के दौरान एनआईए मगध जोन में सक्रिय रहे नक्सलियों के बारे में जानकारी हासिल करेगी।

### दो आरोपियों पर हुई थी चार्जशीट दाखिल

एनआईए ने इस केस में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें प्रद्युम्न शर्मा, उसका बेटा तरुण कुमार व सहयोगी अभिनव उर्फ गौरव और अब आनंदी पासवान की गिरफ्तारी हो चुकी है। विजय कुमार आर्य पांचवां आरोपी है, जिनसे इस केस में पूछताछ होनी है। 20 जनवरी 2023 को एनआईए ने दो आरोपियों पर चार्जशीट भी दायर कर दी थी।

इसके अलावा मगध जोन में सक्रिय रहे नक्सलियों को फंडिंग करने वालों के बारे में भी जानकारी लेगी। आनंदी पासवान बीते 23 जून को गिरफ्तार हुआ था। वहीं, विजय कुमार आर्य को बिहार पुलिस ने रोहतास थाना क्षेत्र से 14 अप्रैल 2022 को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से ही वह पटना के बेउर जेल में बंद था।

**एनआईए ने 2021 में टेकओवर किया था केस :** हजारीबाग पुलिस ने 20 अगस्त 2021 को प्रद्युम्न शर्मा को गिरफ्तार किया था। इसके बाद इस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए 30 दिसंबर 2021 को एनआईए की रांची ब्रांच ने इस केस को टेकओवर कर लिया था।

## एटीएस डीएसपी और दारोगा पर गोली चलाने वाले ने किया सरेंडर

**CRIME REPORTER RANCHI :** एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) विंग में पदस्थापित डीएसपी और पतरातु थाना के दारोगा पर गोली चलाने के आरोपी रवि मुंडा ने रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। इसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिवक्ता संतोष कुमार साहू और वरुण कुमार ने रवि मुंडा को सरेंडर करवाया। आरोपी ने एटीएस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभात शर्मा की अदालत में सरेंडर किया। इस केस के अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

बता दें कि बीते 17 जुलाई को एटीएस की टीम जेल में बंद कुख्यात अपराधी अमन साहू गिरोह के शूटर को पकड़ने गयी थी। इस दौरान अपराधियों ने एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और पतरातु थाना के दारोगा सोनू साव को गोली मार दी थी। इस गोलीबारी में नीरज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये थे।

## अली के मौत मामले में जांच कमेटी ने की परिजनों से पूछताछ, लिखित में ली घटना की पूरी जानकारी

**CRIME REPORTER RANCHI :** बीते 24 जुलाई को कर्बला चौक के रहने वाले 15 वर्षीय अली खान की मौत चिकित्सकों द्वारा इलाज में लापरवाही से हुई थी। इस मामले में सिविल सर्जन द्वारा बनाई गई जांच कमेटी ने मंगलवार को अली के परिजनों से पूछताछ की। कमेटी ने परिजनों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी लिखित में मांगी। इसके बाद परिजनों ने पूरे घटना की जानकारी लिखित में जांच कमेटी को सौंपी। परिजनों ने दिए आवेदन में बताया कि अली अपनी नानी घर आया हुआ था। यहां खेत के मेढ़ में फिसलने के कारण उसका पैर टूट गया था। उसे लेकर सदर अस्पताल आने पर वहां उपस्थित ड्यूटी डॉक्टर डॉ. शेरान अली ने एक्सरे कराने को कहा। पहला एक्सरे ठीक नहीं था, तो दोबारा दो इंजेक्शन देकर एक्सरे कराकर आने को कहा। दोबारा एक्सरे कराने पर डॉ. शेरान ने बताया कि बच्चे का पैर टूट गया है। ऑपरेशन करने की बात कही। परिजनों द्वारा पूछने पर कि ऑपरेशन सदर अस्पताल में ही होगा ना? इसपर डॉ. शेरान कहने लगे कि सदर अस्पताल में इतनी भीड़ है कि ऑपरेशन में कम से कम 15 दिन का समय लग जाएगा।


फाइल फोटो।

### रांची में स्कॉर्पियो ने ट्रक को मारी टक्कर, दो घायल

**RANCHI :** तमाड़ थाना क्षेत्र के रायडीह फ्लाईओवर पर मंगलवार को एक स्कॉर्पियो ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें एक महिला और चालक घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि स्कॉर्पियो पर सवार एक महिला और एक चालक घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल भेजा गया है। स्कार्पियो ने किसी ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे यह घटना घटी है। फिलहाल घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### रांची में एक लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए गए, सभी मीटरों को पंच करने का दिया गया है निर्देश

## आफत बने स्मार्ट मीटर, चार माह से नहीं आया बिजली बिल

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची में बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, ताकि उन्हें समय पर बिल नहीं मिलने और नियमित बिलिंग नहीं होने की समस्या से निजात मिल सके। शहर में 3.5 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। एक लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए भी जा चुके है। लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को जहां राहत मिलना चाहिए उन्हें परेशानी



उठानी पड़ रही है। शहर में मेसर्स जीनस नाम की कंपनी स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही है।

आनन फानन में स्मार्ट मीटर तो लगाए जा रहे है लेकिन उन्हें विगत चार-पांच महीने से बिजली बिल नहीं मिल रहा है। हरमू, अशोक नगर, मेन रोड, हटिया, हिनू, डोरंडा, रातू रोड, पिस्का मोड़, हिंदपीढ़ी सहित कई इलाकों में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को बिजली मिल नहीं मिल रहा है। जिन इलाकों में स्मार्ट मीटर लगाए गए है वहां स्थिति यह है कि 10 घर में से पांच घर के उपभोक्ता को ही बिजली बिल मिल रहा है वह भी तीन से चार महीने पर एक बार। वहीं जिन उपभोक्ताओं को बिजली बिल मिल भी रहा है, उन्हें चार-चार महीने का एक ही बार में बिल मिलने से परेशानी हो रही है। एक मुश्त उन्हें बड़ी रकम बिजली बिल के रूप में जमा करनी पड़ रही है। यह सामान्य मीटर की तरह ही होता है, पर इसमें चिप लगा हुआ होता है। जिसमें रियल टाइम बिजली की खपत बताई जाती है। लोड कितना है, यूनिट की स्पीड कितनी है, सबकुछ देखा जा सकता है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को मोबाइल की तरह ही मीटर को रिचार्ज कराना होता है। लेकिन अभी तक यह रांची में शुरू नहीं हो सका है। जबकि पड़ोसी राज्य बिहार में यह तेजी से लगाया जा रहा है। वहां उपभोक्ता के घर स्मार्ट मीटर लगने के साथ ही मोबाइल की तरह मीटर भी रिचार्ज हो रहा है। रांची क्षेत्र के जीएम पीके श्रीवास्तव ने कहा कि अधिकारियों और जीनस कंपनी के लोगों को निर्देश दिया गया है कि सभी स्मार्ट मीटर को शीघ्र पंच करें, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर बिल मिल सके।

## झारखंड में लंपी वायरस की दस्तक, लोहरदगा में हुई पुष्टि

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में लंपी वायरस ने फिर से दस्तक दे दी है। लोहरदगा जिले में कई जगहों पर इस वायरस की मौजूदगी के निशान मिले हैं। इसको लेकर एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान मवेशियों से सैंपल एकत्र किये गए हैं, जिनकी जांच भोपाल में करायी जाएगी। जांच के बाद ही कुछ भी स्पष्ट रूप से कहा जा सकेगा।

**क्या है लंपी वायरस :** लंपी बीमारी मच्छर या खून चूसने वाले कीड़ों से मवेशियों में फैलती है। ये



स्किन डिजीज वायरस से होने वाला संक्रामक गांठदार त्वचा रोग है। ये मवेशियों में ज्यादातर गाय, भैंस को होती है। संक्रमित होने के दो-तीन दिनों के अंदर मवेशी को हल्का बुखार आता है। फिर शरीर पर गांठदार दाने निकल आते हैं, जिसके बाद कुछ गांठ घाव में बदल जाते हैं।

BRIEF NEWS

## झामुमो पतरातू प्रखंड कमेटी ने भुरकुंडा में मनाया निर्मला महतो का 36वां शहादत दिवस

**BHURKUNDA:** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को झामुमो के प्रधान कार्यालय भुरकुंडा में झारखंड के महानायक वीर शहीद निर्मल महतो का 36वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत झामुमो नेताओ ने स्व. निर्मल महतो के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। साथ ही उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया गया। कहा गया कि निर्मल महतो के अधूरे सपनों को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कहा गया कि अलग झारखंड राज्य के आंदोलन में निर्मल महतो के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता। उनके चदचिन्हों पर चलकर ही झारखंड के लोगों का कल्याण किया जा सकता है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में उदय अग्रवाल, हरिलाल बेदिया, संजय वर्मा, मुकेश राउत, शौकत अंसारी, आजाद अंसारी, सत्यनारायण यादव, हीरामन राम, सनोज, आदित्य राम, पंकज, रामदास राम, टुनटुन बेदिया, चंद्रदेव बेदिया, कामेश्वर करमाली, चरकू गंझू, टिंकु बेदिया सहित झामुमो के कई लोग मौजूद थें।

## आजसू छात्र संघ ने निर्मल महतो की पुण्यतिथि मनाई

**RAJRAPPA:** झारखंड आंदोलन के अगुआ और आजसू पार्टी के संस्थापक स्व. निर्मल महतो की 36वीं पुण्यतिथि चितरपुर में आजसू पार्टी रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष सह रामगढ़ जिला प्रभारी छात्र संघ राजेश महतो, जिला सचिव सुबीन तिवारी व विभावी उपाध्यक्ष अनुराग भारद्वाज के संयुक्त नेतृत्व में मनाया गया। इस अवसर पर स्व. निर्मल महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।इस अवसर पर राजेश महतो ने कहा कि स्व. निर्मल महतो झारखंड आंदोलन के अगुआ नेता थे। अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध सदैव वे आंदोलनरत रहें। वर्तमान समय में उनके संघर्षों और आदर्शों से सीख लेकर हम सभी को झारखंड के नवनिर्माण में जुटना होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप भूचुंगडीह मुखिया प्रतिनिधि अवधेश मानकी, आजसू छात्र संघ वरीय जिला उपाध्यक्ष अमित दास, नगर परिषद अध्यक्ष मनोज महतो, प्रवक्ता शिवम मिश्रा, चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार गिरी, रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंघानिया, महेश महतो, परितोष चटर्जी, सूरज सोनी, अजय आस्था, छोटेलाल महतो आदि उपस्थित थे।

## जहां खुद पुलिस प्रशासन सुरक्षित नहीं तो आमजन की क्या औकात : योगेश

**BHURKUNDA:** माही रेस्टोरेंट के मालिक रौशन साव की हत्या सहित क्षेत्र में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर चिन्ता जताते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश के दक्षिणी प्रमंडलीय सह प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि योगेश कुमार दांगी ने कहा कि आपराधिक घटनाओं में पतरातू क्षेत्र की स्थिति बहुत ही गम्भीर है। लगातर मौत का खेल अपराधियों द्वारा खेला जा रहा है और राज्य सरकार एवं प्रशासन हांथ पर हांथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के मन में प्रशासन का तनिक भी भय नहीं है। यहां तक की नामचीन अपराधी जेल में बैठ कर आपराधिक घटनाओं को सफलतापूर्वक अंजाम दे रहे हैं। जिससे साफ पता चलता है की जेल में भी कितने रसूख के साथ रहते हैं और मन मुताबिक जेल प्रशासन के नाक के नीचे अपना काम कर लेते हैं। श्री दांगी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने क्या स्थिति बना दिया है आपने झारखंड का। जहां हत्या, लूट, बालात्कार की घटनाएं तो आम हो गई हैं। राज्य में जहां खुद पुलिस प्रशासन सुरक्षित नहीं है वहां आम जनता की क्या औकात। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन झारखंड को नहीं संभाल पा रहे हैं, ऐसी स्थिति में उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। वहीं स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद केवल पीड़ित परिवार के साथ होने का दिखावा मात्र कर रही हैं।

# रामगढ़ में 108 एंबुलेंस के चालक और टेक्नीशियन की अनिश्चितकालीन हड़ताल

### पांच महीने से बकाया मानदेय की मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन

**PHOTON NEWS RAMGARH:** आपातकालीन सेवा 108 के एंबुलेंस चालक और टेक्नीशियन मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इसकी मुख्य वजह यह है कि चिकित्सा हेल्थ केयर लि. प्रबंधन ने पिछले पांच महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया है।



हड़ताल पर जाते सरकारी अस्पतालों के कर्मचारी • फोटोन न्यूज

रामगढ़ जिले में सरकारी अस्पतालों में 40 से अधिक एंबुलेंस के कर्मचारी कार्यरत हैं। यह सभी ठेके पर रखे गए थे। इनकी कंपनी का ठेका अब खत्म हो रहा है। इसके बाद दूसरी कंपनी आपातकालीन सेवा को सुचारू रूप से चलाने के लिए अधिकृत कर दी जाएगी। ऐसे हालात में इन कर्मचारियों का मानदेय अधर में लटक जाएगा। चालक राजेश कुमार ने कहा कि पिछली बार जिस कंपनी को आपातकालीन सेवा के लिए अधिकृत किया गया था, उसने सभी ड्राइवर और टेक्नीशियन का रजिस्ट्रेशन करवाया था। अब दूसरी कंपनी आएगी तो उसके द्वारा भी सभी आपातकालीन सेवा के कर्मचारियों को रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए दबाव डाला जा रहा है। यहां तक कि एंबुलेंस के चालकों को यह निर्देश भी दिया गया है कि 18 अगस्त से पहले सभी एंबुलेंस दूसरी कंपनी को हैंड ओवर कर दिया जाए लेकिन यह तभी संभव होगा जब अस्पताल प्रबंधन बकाया मानदेय का भुगतान कर देगी।

यदि अस्पताल प्रबंधन कर्मचारियों की मांग नहीं मानती है तो एंबुलेंस का सायरन बंद ही रहेगा। इस बाबत रामगढ़ की सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि 108 एंबुलेंस की सेवा एजेंसी के तहत संचालित होती है। उनके मानदेय का भुगतान एजेंसी ही करती है। सिविल सर्जन कार्यालय से उनके मानदेय का भुगतान नहीं होता है। हालांकि, एंबुलेंस के स्ट्राइक पर जाने से कार्य तो काफी प्रभावित होता है। इसी वजह से एजेंसी के संचालकों से बात की गई है। 8 से 10 दिनों के अंदर उनके भुगतान होने का संदेश दिया गया है।

# केएस गंगा हॉस्पिटल में की गई ब्रेन की सफल सर्जरी

### ओपन एंडेड ब्रेन सर्जरी के क्षेत्र में अस्पताल की बड़ी उपलब्धि



जनता महतो फाइल फोटो



ऑपरेशन के समय जनता महतो • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI:** केएस गंगा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने एक महीने के भीतर दो मामलों का ऑपरेशन करके ओपन एंडेड ब्रेन सर्जरी में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल ने पांच घंटे से अधिक समय की ओपन एंडेड ब्रेन सर्जरी करके चिकित्सा विज्ञान में सराहनीय योगदान है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार पश्चिम बंगाल के पुरुलिया की रहने वाली जनता महतो बाइक से गिरकर बेहोश हो गई थी। वह पूरी तरह से सेंसलेस सिचुएशन में थी। इसी स्थिति में उन्हें केएस गंगा अस्पताल लाया गया जहां जांच के बाद बताया गया कि मस्तिष्क के अंदरूनी हिस्से में ब्रेन क्लॉट हो गया है, इसलिए उन्हें बचाने के लिए ओपन एंडेड सर्जरी की जाएगी। ऑपरेशन सात अगस्त को हुआ और इसे संचालित करने में पांच घंटे से अधिक समय लगा। ऑपरेशन के दौरान हर डॉक्टरों की पूरी टीम सतर्क थी। डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन कर ब्लड क्लॉट को हटा दिया।

**दूसरी बार किया गया ब्रेन का सफल ऑपरेशन**

केएस गंगा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में दूसरी बार ओपन एंडेड ब्रेन सर्जरी का सफल ऑपरेशन किया गया, जिसने खूंटी जिले और केएस गंगा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के लिए उल्लेखनीय इतिहास रचा है। पहली बार ओपन ब्रेन एंड सर्जरी एक माह के अंदर दो बार सफलतापूर्वक की गई।

# झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का क्रांति सम्मेलन 11 अगस्त को : महेश्वर

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का आगामी 11 अगस्त को तुलसी भवन रामगढ़ में वैश्य क्रांति सम्मेलन सह केंद्रीय समिति की बैठक होगी। इसमें आगे की रणनीति एवं कार्यक्रमों की घोषणा भी की जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा वैश्यों को मान-सम्मान, अधिकार, नौकरियों तथा विकास योजनाओं में आरक्षण के साथ समुचित भागीदारी, व्यवसाय में संरक्षण और सहयोग के साथ-साथ राजनीति में हिस्सेदारी दिलाने की लड़ाई लड़ रही है। और आगे भी इस लड़ाई को जारी रखना है। इन्हीं मुद्दों को लेकर 11 अगस्त को रामगढ़ की पवित्र एवं क्रांतिकारी धरती पर आयोजित इस कार्यक्रम में वैश्य मोर्चा के सभी केंद्रीय पदाधिकारियों, सदस्यों, जिलाध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों को केवल शामिल ही नहीं होना है। इस बैठक में आगे की रणनीति एवं कार्यक्रमों की घोषणा भी की जायेगी।



महेश्वर साहु

# आदिवासी लोग प्रकृति के पुजारी : रॉबिन टोप्पो

**PHOTON NEWS RAJRAPPA:** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी मंगलवार को विश्व आदिवासी दिवस के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम एस. कृष्णन के चित्र पर रामगढ़ के उपविकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, महाविद्यालय प्रबंधन समिति से अध्यक्ष रितेश कुमार, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सम्मानित सदस्य मनीष कुमार, प्रभारी प्राचार्य राजु वंदना होरो एवं शिक्षकों ने पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि के रूप में रॉबिन टोप्पो ने आदिवासी लोग प्रकृति के पुजारी है। आदिवासी समाज की संस्कृत सभ्यता हमारी पहचान है। उसके बाद प्रबंधन समिति से अध्यक्ष रितेश कुमार ने सम्बोधन में सभी को बधाई देते हुए आदिवासीयों के रीति रिवाजों को संरक्षण करने एवं प्रकृति की रक्षा करने की बातें कही। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने जीवन के दर्शन आदिवासी की पहचान जोहार शब्दों के साथ हमें परिचित कराया। महाविद्यालय समिति के सम्मानित सदस्य मनीष कुमार ने आदिवासियों की चर्चा, आदिम जनजाति को पूर्व मानव कहा था आदिवासियों की कलाकृतियों सभ्यता संस्कृति, रीति रिवाजों को विस्तार से बताया. विषय प्रवेश की चर्चा प्रभारी प्राचार्य रंजु वंदना ने कहा कि आदिवासी धर्म नहीं सभ्यता है, संस्कृति है और यह आदिवसी संस्कृति से जुड़ा हुआ है इसलिए आदिवासी समाज पर्यावरण संरक्षण के लिए हमेशा प्रयासरत रहा है। इस कार्यक्रम कुल गीत, स्वागत गीत, नागपुरी गीत नृत्य तथा बिरसा मुण्डा पर आधारित प्रशिक्षुओं द्वारा किया गया. जिसमें नीतू जया, पप्पु अर्सिता, राशि, अर्चना, सुबेला, प्रवीण, नीधि, सुजित संदिप भावना, आनंद, हेमा, बबिता, अंजना, चंचला, बिक्की इत्यादि भाग लिया। मंच का संचालन बीएड प्रशिक्षु सुबेला एवं अर्चना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की देखरेख सहायक प्राध्यापक संजु रंजना होरो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा, मो. परवेज अखतर तथा प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन एवं व्याख्याता मुरारी कुमार दुबे, बाबुचंद प्रसाद तथा बीएड एवं डीएलड के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक राम के द्वारा किया गया।



आदिवासी दिवस कार्यक्रम पर नृत्य प्रस्तुत करती महिलाएं • फोटोन न्यूज

# वीर शहीद निर्मल महतो के खुशहाल झारखंड के सपने को पूरा करेगी आजसू

### पीटीपीएस में निर्मल महतो का मना शहादत दिवस, बताए मार्ग पर चलने का हुआ आह्वान

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमेटी द्वारा मंगलवार को पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आजसू नेताओ ने स्व. निर्मल महतो के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। तत्पश्चात उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया गया। मौके पर आजसू नेताओं ने कहा की शहीद निर्मल महतो झारखंड के जननायक थे। प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो ने निर्मल महतो के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की उनका जीवन झारखंड की संस्कृति के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अलग झारखंड राज्य की लड़ाई के क्रम में झारखंड के शहीद तेलंगा खड़िया के गांव को उन्होंने गोद लिया था। निर्मल महतो ने शोषण के विरुद्ध एवं गरीबों, मजदूरों, किसानों के हक के लिए आवाज उठायी और जमीनी स्तर पर युवाओं को जोड़ने का काम किया। उनके नेतृत्व का असर ऐसा था की झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन ने इस कदर रफ्तार पकड़ ली कि तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी व तत्कालीन भारत के गृह मंत्री बूटा सिंह को दिल्ली में कई बार आजसू से वार्ता करनी पड़ी। आखिरकार झारखंड स्वायत्तशासी परिषद, फिर झारखंड अलग राज्य का गठन हुआ। लेकिन यह देखने के लिए निर्मल महतो जीवित नहीं रहे और 8 अगस्त 1987 को निर्मल महतो की हत्या कर दी गई। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, जिला उपाध्यक्ष भुवनेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष राजू कुमार, वरीय नेता राहुल रंजन, जिला संगठन सचिव अशोक पाठक, जिला संगठन सचिव विक्रांत साहू, प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश पटेल, मनोज राम, रवि कुमार, उमेश महतो, रूपेश महतो आदि मौजूद थें।



निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाते आजसू के लोग • फोटोन न्यूज

# मां का दूध बच्चों के लिए अमृत समान होता है : अरविंद सिंह

**PHOTON NEWS RAJRAPPA:** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत सचिवालय में बंधन बैंक का हेल्थ कार्यक्रम के तहत विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अथिति के रूप में मुखिया अरविंद कुमार सिंह मौजूद रहे। मौके पर मुख्य अथिति ने कहा कि मां का दूध बच्चों के लिए अमृत समान है। जो बच्चा पूरी तरह से मां का स्तनपान कर पलता बढ़ता है। उस बच्चे का सम्पूर्ण शारीरिक विकास के साथ ही बच्चों में इम्युनिटी पावर ज्यादा होता है। नवजात शिशु के स्वास्थ्य विकास के लिए पूरे विश्व में एक सप्ताह तक स्तनपान दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि स्तनपान बाल स्वास्थ्य व जीवन बचाने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। वही प्रभात फेरी भीं निकाली गईं। इससे पूर्व यहां पहुँचे मुखिया को बुके, वेज एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर उप मुखिया परवेज आलम, पंसस शम्भु कुमार, पंसस प्रतिनिधि प्रदीप कुमार, वार्ड सदस्य मंटू कुमार, सबीह अख्तर, जया देवी, सुनीता राज मेहता, सुनीता देवी, जल सहिया वीणा देवी, बंधन हेल्थ के नीतू कच्छप, शकुंतला कुमारी, गंगा देवी, सुनैना कुमारी, बसंती देवी, बबीता देवी, काजल देवी, कौशल्या देवी, सुमन कुमारी, स्वास्थ साथी, समाजसेवी सखीचंद राम दांगी, लालदेव महतो, लालकिसून महतो, मनोज पासवान, निर्मल कुमार, केदार, सदानंद, शोभा मुंडा, आकाश कुमार, मुरली महतो सहित कई मौजूद थे।




प्रभात फेरी में शामिल महिलाएं • फोटोन न्यूज

### उपायुक्त ने की रामगढ़ जिला शिक्षा कार्यालय में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा, दिये कई निर्देश

# परियोजना को और भी प्रभावी तरीके से सरकारी विद्यालयों में संचालित करने का DC ने दिया निर्देश

- ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले 388 शिक्षकों से स्पष्टीकरण पूछने का उपायुक्त ने दिया निर्देश, बिना पूर्व में सूचना दिए अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई
- सरकारी विद्यालयों के माध्यम से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के मद्देनजर जिला स्तरीय कंट्रोल रूम गठित करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश
- कंट्रोल रूम द्वारा विद्यालयों में शिक्षकों की शत-प्रतिशत व ससमय उपस्थिति कराई जाएगी सुनिश्चित

**PHOTON NEWS RAMGARH:** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यह बहुत जरूरी है कि शिक्षक नियमित रूप से विद्यालयों में उपस्थित रहे। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को ई विद्या वाहिनी के माध्यम से प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करनी है साथ ही उन्होंने बताया कि 31 जुलाई 2023 को 388 शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं की है जिस पर उपायुक्त ने सभी 388 शिक्षकों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से पूर्व में सूचना दिए बिना विद्यालय में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



बैठक में उपस्थित उपायुक्त सहित अन्य अधिकारी • फोटोन न्यूज

सरकारी विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम का गठन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कंट्रोल रूम द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में संचालित सरकारी विद्यालयों के शिक्षक पूरे समय विद्यालय में उपस्थित रहे वही सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सुविधाएं व संचालित योजनाओं आदि का लाभ भी बच्चों को ससमय मिले।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि बच्चे नियमित रूप से विद्यालय जाए इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो। इस संबंध में उपायुक्त ने जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में शौचालय की वर्तमान स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन यथा विद्यालयों में शौचालयों की संख्या, बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय की सुविधा, वर्तमान में शौचालय संचालित है अथवा नहीं, शौचालय में जलापूर्ति की सुविधा आदि से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वही उन्होंने 10 सितंबर 2023 तक जिले के शत प्रतिशत विद्यालयों में शौचालय की सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत चिन्हित रामगढ़ जिले के तीन विद्यालयों यथा गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़, एसएस प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय रामगढ़ एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के मद्देनजर सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार शिक्षकों का चयन कर सूची 10 अगस्त 2023 तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

रेल परियोजना के तहत सरकारी विद्यालयों में आयोजित की जा रही परीक्षाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने नियमित रूप से बच्चों के लिए यूनिट टेस्ट आयोजित करने, ससमय परिणाम जारी करने तथा और भी प्रभावी तरीके से परियोजना का संचालन जिले के सरकारी विद्यालय में सुनिश्चित कराने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

वैसे बच्चे जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई बीच में छोड़ दी हैं अथवा नियमित रूप से विद्यालय नहीं जा रहे हैं कि समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को ऐसे बच्चों को चिन्हित कर उनके अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें वापस विद्यालय से जोड़ने सहित कई अन्य माध्यमों से इस दिशा में कार्य करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Wednesday, 09 August 2023

BRIEF NEWS

## गोविंदपुर में जॉडिस से 12 साल की बच्ची की मौत

JAMSHEDPUR : शहर में बरसाती बीमारियां अब जानलेवा साबित हो रही है। मंगलवार को गोविंदपुर स्थित रामपुर निवासी 12 वर्षीय एक बच्ची की मौत हेपेटाइटिस-ए और जॉडिंस से हो गई। इस बच्ची को बीते सोमवार को गंभीर अवस्था में टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद उसका जांच कर इलाज शुरू हुआ था। मृतक का नाम स्नेहा कुमारी है। मृतक के पिता संजय कुमार ने बताया कि चार दिन से बच्ची को बुखार था और सोमवार को टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत बिगड़ने पर उसे आइसीयू में रखा गया था। मंगलवार सुबह में इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। बुखार होने के कारण परिजन बच्ची की मौत का कारण डेंगू मान रहे थे। क्योंकि गोविंदपुर इलाके में डेंगू के कई मरीज मिले हैं। डेंगू से बच्ची की मौत की अफवाह उड़ी तो मौके पर तत्काल जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। इस दौरान जांच-पड़ताल की गई तो पता चला कि बच्ची हेपेटाइटिस-ए व जॉडिंस से पीड़ित थी। इस कारण से बच्ची का लिवर काम करना बंद कर दिया था। जिला महामारी रोग विशेषज्ञ डा. असद ने कहा कि बच्ची की मौत को लेकर टाटा मोटर्स अस्पताल में इलाज करने वाले चिकित्सकों से बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि बच्ची की मौत डेंगू से नहीं हुई है। हालांकि, मरीज को बुखार भी था। इसे लेकर मृतक के परिजन डेंगू की आशंका व्यक्त कर रहे थे।

## डेंगू के 35 संदिग्ध मरीज मिले, 22 चाकुलिया के

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले में डेंगू तेजी से बढ़ रहा है। मंगलवार को 35 संदिग्ध मरीज मिले। इसमें 22 चाकुलिया के रहने वाले हैं। वहीं, बाकी शहर के विभिन्न क्षेत्रों के रहने वाले हैं। जिला सर्विलांस विभाग ने सभी मरीजों का नमूना लेकर जांच के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज जांच के लिए भेजी है। रिपोर्ट शुक्रवार तक आने की उम्मीद है। इन मरीजों का इलाज शहर के गुरुनानक हॉस्पिटल, टीएमएच, ब्रह्मानंद, टाटा मोटर्स अस्पताल, टिनप्लेट सहित अन्य अस्पतालों में चल रहा है। चाकुलिया में डेंगू के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग भी चिंतित है। सिविल सर्जन डा. जुझार माझी ने कहा कि डेंगू को लेकर सभी लोगों को विशेष रूप से अलर्ट होने की जरूरत है। कोई भी लक्षण सामने आए तो उसकी जांच कराएं। ताकि समय पर इलाज शुरू हो सकें। मंगलवार को डेंगू के दो पॉजिटिव मरीज भी मिले। इसमें एक मरीज मानगो व दूसरा धतकीडीह का रहने वाला है। जिले में डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर 124 हो गई है।

## विश्व कामर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर को ऑपरेटिव कॉलेज के विवेकानंद सभागार में विश्व कामर्स डे के अवसर पर मंगलवार को कॉलेज परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डा अमर सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा अमर सिंह ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। कल भी उतना ही सत्य था जितना आज सत्य है। वर्तमान समय में छात्रों को आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए। इसको लेकर सभी छात्र छात्राओं को ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। पुरा विश्व अर्थ की तरफ घूमता हे। इसलिए वाणिज्य का पुरे विश्व में बड़ा महत्व हे। जिस देश का वाणिज्य के क्षेत्र में विकास किया है तो वह देश पुरे विश्व में काफी आगे है। इस क्षेत्र भारत भी अब काफी विकास कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्ष विभागाध्यक्ष डा भूषण कुमार सिंह ने कहा जबकि मंच का संचालन डा अरूणा वर्मा ने किया। इस अवसर पर मंच पर प्राचार्य डा अमर सिंह, सीनेट सदस्य प्रोफेसर ब्रजेश कुमार, डा मंगला श्रीवास्तव उपस्थित थीं।

# आश्वासन के बाद भी परीक्षा लेने में विलंब कर रहा KOLHAN विश्वविद्यालय, असंतोष




PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में अध्ययनरत एलएलबी सत्र 2020-23 के छात्रों में विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति असंतोष है। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा है कि विश्वविद्यालय अपनी बात से मुकर रहा है, ऐसे में जरूरत पड़ी तो वे विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। छात्रों ने बताया कि सत्र विलंब होने के कारण थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा पास होने के बाद उन्होंने चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में प्रमोशन की मांग की थी।

छात्र बताते हैं कि उस समय कॉलेज के प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति ने कहा था कि चौथे सेमेस्टर परीक्षा प्रमोशन नहीं दिया जा सकता है। चूंकि सत्र विलंब से चल रहा है। अतः पांचवें और छठे समेस्टर की परीक्षा इसी वर्ष जल्द आयोजित कर डिग्री दे दी जाएगी। छात्रों के अनुसार जब उन्होंने चौथे सेमेस्टर की परीक्षा दी थी तब तीसरे और चौथे सेमेस्टर के बीच मात्र दो महीने का अंतर था। लेकिन अब पांचवें की परीक्षा के लिए चार महीने इंतजार कर चुके हैं। अबतक परीक्षा नहीं ली गयी। मंगवार को विश्वविद्यालय की ओर से मिली है कि अब पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा सितंबर के दूसरे सप्ताह और फाइनल यानी छठे सेमेस्टर की परीक्षा परीक्षा फरवरी-2024 के मध्य में ली जाएगी, लेकिन अब विश्वविद्यालय छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

## को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में एलएलबी की चौथी मेधा सूची जारी, एडमिशन शुरू

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में एलएलबी में एडमिशन के लिए चौथी मेरिट लिस्ट जारी कर दी गयी है। इस लिस्ट के आधार पर मंगलवार से कॉलेज में एलएलबी में एडमिशन भी आरंभ कर दिया गया है। इस लिस्ट के आधार पर एडमिशन की अंतिम तिथि 16 अगस्त है।

कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार चौथी मेरिट लिस्ट भी आरक्षण नियमावली के आधार पर प्रकाशित की गयी है। इसमें कुल 17 अभ्यर्थियों के नाम शामिल हैं। बता दें कि कॉलेज में एलएलबी में करीब एक महीने से एडमिशन चल रहा है। यहां एलएलबी की कुल 120 सीटें हैं। पिछली तीन मेरिट लिस्ट के आधार पर लगभग 100 एडमिशन हुए हैं। शेष 20 सीटों के लिए चौथी मेरिट लिस्ट का प्रकाशन किया गया है।

## इंटरमीडिएट के नवनामांकित छात्रों ने पढ़ा अनुशासन का पाठ

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में मंगलवार को इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष में नवनामांकित आर्ट्स, साइंस व कॉमर्स के छात्र छात्राओं की इंडक्शन मीटिंग हुई। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य अमरेंद्र कुमार सिंह एवं फैकल्टी इंचार्ज जावेद अंसारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्राओं के लिए 11वीं और 12वीं कक्षा भविष्य को गढ़ने वाली होती है, क्योंकि आप जितनी अच्छी तरह 12वीं की पढ़ाई को पूरा करेंगे, आपके करियर की दिशा उसी अनुरूप तय होगी। पढ़ाई के साथ-साथ छात्र-छात्राओं में अनुशासन भी अति महत्वपूर्ण है। क्योंकि बिना अनुशासन के कोई भी विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता की सीढ़ी नहीं चढ़ सकता है। जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज एक प्रतिष्ठित कॉलेज है। प्रतिवर्ष यहां के छात्र-छात्राएं 12वीं में जिले और स्टेट के टॉपर बनते हैं। आशा है कि आप भी आने वाले समय में इस कॉलेज का नाम रोशन करेंगे और जिला व राज्य में अपना स्थान बनाएंगे।

फैकल्टी इंचार्ज जावेद अंसारी ने छात्र-छात्राओं को कॉलेज के अनुशासन की विस्तृत जानकारी दी और उन्हें अनुशासन के साथ कोई समझौता नहीं करने का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि यह कॉलेज आपका है और इसकी प्रत्येक वस्तु की सुरक्षा और देखभाल करना आपकी जिम्मेवारी है। जिस तरह आप अपने घर के सामानों की रक्षा करते हैं, उस तरह कॉलेज में उपलब्ध प्रत्येक वस्तु की सुरक्षा करने का संकल्प लें। इसे साफ-सुथरा और सुंदर बनाने में अपना योगदान दें, ताकि कॉलेज स्वच्छ और सुंदर दिखाई पड़े। कार्यक्रम का संचालन प्रो सुमन राय तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो रिंकी बंसियार ने किया।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने वीर शहीद निर्मल महतो के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया याद

PHOTON NEWS CHAIBASA : झारखण्ड आन्दोलन में अग्रिम पंक्ति के नेता झामुमो के तात्कालीन केन्द्रीय अध्यक्ष वीर शहीद निर्मल महतो जी के 35वें शहादत दिवस के अवसर पर प० सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा समेत जिला के सभी प्रखंड मुख्यालयों में झामुमो कार्यकताओं ने वीर शहीद निर्मल महतो के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।


श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित झामुमो कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

जिला मुख्यालय चाईबासा में झामुमो जिला समिति द्वारा परिसदन भवन चाईबासा में श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें जिला सचिव सोनाराम देवगम, झारखण्ड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष इकबाल अहमद, राहुल आदित्य समेत जिला समिति के अन्य पदाधिकारियों ने निर्मल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर जिला सचिव सोनाराम देवगम ने कहा कि वीर शहीद निर्मल महतो झारखण्ड आन्दोलन में अग्रिम पंक्ति के नेता थे जिन्होंने झारखण्ड की माटी को अपने खून से सींच कर झारखण्ड आन्दोलन को एक नया तेवर और गति देने का काम किया । झारखंड की आने वाली पीढ़ी को निर्मल महतो जी का शहादत हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

भुवनेश्वर महतो ने कहा कि निर्मल महतो जी एक आन्दोलनकारी और पार्टी अध्यक्ष के रूप में एक कुशल नेतृत्वकर्ता थे। झारखण्ड आन्दोलन में उनके बलिदान को कभी भी भूला नहीं जा सकता है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव सोनाराम देवगम, झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष इकबाल अहमद, राहुल आदित्य, जिला संगठन सचिव मानाराम कुदादा, जिला संयुक्त सचिव सुनील कुमार सिरका, क्रीड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अर्जुन बानरा, वुद्धिजीवी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कैसर परवेज, नगर अध्यक्ष राहुल तिवारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु कुमार राय, विश्वनाथ बाड़ा, मसीह दास भुंईया, ताराकान्त सिजुई, जय कुमार सिंहदेव, राजू ठाकुर, हेमन्त कुमार, संचु तिर्की, आलोक विरुली, तगड़ा बानरा, मनोरंजन दास, मंगल सिंह तियु, राजू सुण्डी समेत अन्य शामिल थे।

# जिला परिषद सदस्य कविता परमार पर लगाये कई आरोप, कमिटी ने की एसएसपी से शिकायत

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : बागबेड़ा थाना क्षेत्र के रोड नंबर चार स्थित श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी का विवाद हर दिन बढ़ता जा रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है आरोप प्रत्यारोप से आगे बढ़ते हुए यह विवाद एसएसपी कार्यालय तक पहुंच गया है। इसे लेकर श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी (लाईसेंसी) ने एसएसपी को पत्र लिखा है।

पवन ओझा व अनिल सिंह की ओर से दिए गए पत्र में कहा गया कि जिला पार्षद सदस्य के इस कुत्सित मंशा के विरोध में बड़ी तादाद में स्थानीय ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षर दर्ज कराये है। इस पत्र में कहा गया है कि विगत 05 अगस्त को शाम में ऑटो द्वारा माईकिंग से किये जा रहे प्रचार प्रसार को जिला पार्षद संपोषित गुंडों ने रोककर पेन ड्राईव छीन लिया था, जिसकी लिखित सूचना कमिटी द्वारा उसी समय बागबेड़ा थाना को दी गई थी। इसके बाद 06 अगस्त रविवार को सुबह 8 बजे से कुछ महिलाओं को ले कर बैठक स्थल पर गलत तरीके से भूमि पूजन करने का प्रयास किया गया।

लाईसेंसी कमिटी द्वारा आपत्ति जताने के पश्चात स्थानीय थाना एवं जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त दंडाधिकारी द्वारा उनके भूमि पूजन कार्यक्रम को अनुमति मिलने तक रोक दिया है। इस रोक लगने से चिढ़कर जिला पार्षद सदस्य कविता परमार स्वयं और अपने महिला समर्थकों के मार्फत लाईसेंसी दुर्गा पूजा कमेटी एवं इससे जुड़े सक्रिय सदस्यों के विरुद्ध भ्रामक दुष्प्रचार कर के चरित्र हनन करने लगीं है। ऐसे में इस आवेदन के माध्यम से से हम पुलिस प्रशासन को सच्चाई बता रहे हैं ताकि जिला परिषद सदस्य कविता परमार की गलत मंशा सफल ना हो।

**कविता परमार के समर्थकों पर धमकी देने का आरोपः** पत्र में कहा गया है कि कविता परमार एवं इनके समर्थकों द्वारा धमकी दी जा रही है की इनका प्रशासन के बड़े अधिकारियों और बड़े नेताओं के साथ नजदीकी है, इसलिए उनके अलावे किसी और को हरगिज पूजा करने की अनुमति नहीं मिलने वाली है। लाईसेंसी कमिटी के सदस्यों को डराने, धमकाने, भड़काने के लिए अनेक प्रयास किये जा रहे है। यहां तक की महिलाओं के साथ छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार, गाली गलौज, मारपीट जैसे झूठे आरोप लगाकर झूठा मुकदमा दायर कर लगातार जेल भिजवाने की धमकी दे रही हैं।

# कोयलांचल विवि पर आवश्यकता आधारित शिक्षिकाओं को प्रताड़ित करने का आरोप

## विरोध में संघ ने 10 अगस्त को आंदोलन करने की दी चेतावनी

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को हुई। इसमेमं यह निर्णय लिया गया की बिनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय कोयलांचल में आवश्यकता आधारित शिक्षकों के साथ महाविद्यालय और विश्वविद्यालय प्रबंधन के द्वारा आर्थिक और मानसिक शोषण लगातार किया जा रहा है। यह कार्य लगभग सभी विश्वविद्यालयों में किसी न किसी के साथ महाविद्यालय और विश्वविद्यालय प्रशासन के लोग करते हैं।

हाल ही में विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय की दो शिक्षिका डॉक्टर रेनू सिन्हा और डॉक्टर वीणा झा के साथ विश्वविद्यालय प्रशासन के सह पर स्टील सीटी कालेज बोकारो और एसएसएलएनटी कालेज धनबाद के प्राचार्य/प्राचार्या द्वारा न सिर्फ इन्हें बेइज्जती की गयी बल्कि इनके मानदेय में भारी कटौती कर प्रताड़ित भी किया गया। प्रताड़ना से तंग आकर एसएसएलएनटी कॉलेज की इतिहास विभाग की शिक्षिका डॉ बीणा झा के द्वारा फांसी लगाने की घटना सामने आई है। झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ इस घटना की निंदा करते हुए यह निर्णय लिया है कि आगामी 10 अगस्त को झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों में आवश्यकता आधारित शिक्षक काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही अपने-अपने महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति को एक ज्ञापन भी सौंपेंगे।

इस ज्ञापन में प्रताड़ित करने वाले महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों के ऊपर कार्यवाई करने तथा विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के अन्य शिक्षकों की भांति आवश्यकता आधारित शिक्षकों को भी उचित सम्मान प्रदान किए जाने की बात होगी।

# फैशन व मॉडलिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा, 19 को होगा फाइनल

## विजेता को गोवा में होने वाले इंडिया चार्मिंग फेस में मिलेगा हिस्सा लेने का मौका

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : लौह नगरी में फिल्म निर्माण, वीडियो एल्बम के निर्माण तेजी से चल रहा है। इस बीच शहर के युवा युवतियों में मॉडलिंग को लेकर भी क्रेज बढ़ा हुआ है। इस कड़ी में आरडीए अकेडमी के सौजन्य से साकची के एक होटल में फैशन व मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में तीन कैटेगरी के तहत फैशन व मॉडलिंग प्रतियोगिता हुआ । जिसमें किड्स कैटेगरी ( 3 से 13 वर्ष), मिस्टर एंड मिस ( 14 से 25 वर्ष), वहीं मिसेज कैटेगरी ( 25 वर्ष से ऊपर) के प्रतिभागी शामिल थे।


फैशन व मॉडलिंग प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी। ● फोटोन न्यूज

इस प्रतियोगिता के फाइनल 19 अगस्त को सिदगोडा स्थित टाउन हॉल में होगा। विजेता को झारखण्ड चार्मिंग फेस से नवाजा जाएगा । इस मॉडलिंग प्रतियोगता में जूनियर एवं सीनियर प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया ।इसके साथ साथ महिलाओ ने भी मिसेस चार्मिंग के लिए प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी फाइनल में अपना दम खम दिखाएंगे। विजेताओं को जूनियर, सीनियर एवं मिसेस झारखण्ड चार्मिंग फेस के खिताब से नवाजा जाएगा ।विजेताओ को प्राइज सर्टिफिकेट्स के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर पर गोआ में होने वाली इंडिया चार्मिंग फेस में हिस्सा लेने का अवसर प्राप्त होगा । ये विजेता इंडिया चार्मिंग फेस कार्यक्रम में झारखण्ड के ओर से हिस्सा लेंगे । कार्यक्रम में मुख्य आयोजनकर्ता आरडीए एकेडमी के डायरेक्टर रोहित कर्माकर,अरविंद कुमार , डॉ. रम्यता प्रफुल्ला, पी. वंदना आशीष खान,पंकज शर्मा एवं भोजपुरी सिनेमा अदाकारा प्रिया चौधरी, बसंत दास उपस्थित थे।

## SAKCHI अग्रसेन भवन में धूमधाम से मना भायली महिला मण्डल का सावन सिंधारा महोत्सव

# चालो रे चालो झुंझनू धाम रे... जैसे कई भजनों पर दादी जी का जयकारा लगाते हुए झूम उठीं महिलाएं

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जमशेदपुर। मंगलवार को शहर की सामाजिक संस्था भायली महिला मंडल सोनारी द्वारा श्री राणी सती दादी जी का मंगल पाठ एवं अष्टम सावन सिंधारा महोत्सव साकची श्री अग्रसेन भवन में धूमधाम से मनाया गया। यजमान सीमा-विनोद डंगबाजिया ने पूजा की और विपिन प्रदित ने पूजा करायी। 500 से अधिक महिलाओं ने चुंदड़ी ओढ़े रंगबिरंगी साड़ी धारणकर एक स्वर में सामूहिक मंगल पाठ किया। दादी जी का सवामणी का भोग भी सामूहिक किया गया।


सावन सिंधारा महोत्सव के अवसर पर जुटीं महिलाएं। ● फोटोन न्यूज

शहर के प्रसिद्ध भजन गायक महावीर अग्रवाल मुन्ना ने मंगल पाठ वाचन का शुभारंभ म्हारा प्यारा रे गजानन आईज्यो.... गणेश वंदना से किया। वीर हनुमाना अति बलवाना..., जै जै पितर जी महाराज..., आज म्हारे आंगणिये में राणी सती जी आई जी..., दादी दादी बोल दादी सुन ले सी..., जगदम्बे भवानी मईया..., हम दादी वाले हैं..., दे दे थोड़ा प्यार दादी तेरा क्या घट जाएगा...., भक्तां पर जब भीड़ पड़ी तब दौड़ी-दौड़ी आई..., चालो रे चालो झुंझनू धाम रे...., एक मां मिलती बड़ी मुश्किल से हमें दो-दो मॉ का प्यार मिला... आदि एक से बढ़कर एक भजन गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंगल पाठ और भजनों के दौरान ऐसा भक्तिभाव जागा कि महिलाएं नाचते-गाते एवं दादी जी का जयकारा लगाते हुए झूम उठीं। अग्रसेन भवन का पूरा माहौल दादीमय हो गया था।

**ये रहा मुख्य आकर्षण :** इस धार्मिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भव्य दरबार, चुनरी उत्सव, गजरा उत्सव, मन भावन नृत्य महोत्सव, सवामणी प्रसाद, महा प्रसाद तथा छप्पन भोग और महाआरती रहा। महाआरती के बाद सभी भक्तों समेत शहर के कई गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**इनकी रही उपस्थितिः** ओमप्रकाश रिंगसिया, पवन अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, ललित डांगा, मदन अग्रवाल, संदीप बजाज, महावीर अग्रवाल, शरत अग्रवाल आदि ने दादी के दरबार में हाजरी लगायी।

**इनका रहा योगदान :** इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रमुख रूप से अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सचिव मंजू अग्रवाल, सुमन, मैना, विमला, नीलम, लता, कविता, सीमा, कंचन, स्वाती, भारती, प्रीति, काजू, झुमकी, लक्ष्मी, राधा एवं सस्था की पूरी टीम समेत राजस्थान कल्याण परिषद (श्री अग्रसेन भवन साकची) के अध्यक्ष राम कृष्णा चौधरी एवं ओमप्रकाश रिंगसिया आदि का योगदान रहा।

# LBSM कॉलेज में आदिवासी दिवस समारोह का शुभारंभ


विश्व आदिवासी दिवस पर मंच पर उपस्थित लोग। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज में मंगलवार को दो दिवसीय 'विश्व आदिवासी दिवस' का आयोजन का शुभारंभ किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार झा ने किया। इस अवसर पर चित्रांकन, निबंध, भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई। चित्रांकन प्रतियोगिता का प्रथम विजेता गंगा केराई, द्वितीय श्यामली समाद तथा तृतीय जया बिरुली रहीं। वहीं निबंध प्रतियोगिता का प्रथम विजेता सुमी टुडू, द्वितीय आशा तिऊ तथा तृतीय मेघलाल मार्डी। जबकि भाषण प्रतियोगिता के प्रथम विजेता मेघलाल मार्डि, द्वितीय प्रकाश सोरेन तथा तृतीय कर्मा टुडू। प्रश्नोत्तरी के प्रथम विजेता मेघलाल मार्डि, द्वितीय निशा सुंडी तथा तृतीय आशा टिऊ। समारोह का समापन बुधवार को होगा। इसी दिन सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि कोल्हान विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी डॉ. पीके पाणि होंगे।

## मणिपुर में जांच

सर्वोच्च न्यायालय ने मणिपुर के संबंध में जो जरूरी फैसला किया है, वह स्वागतयोग्य है। मणिपुर हिंसा के पटाक्षेप और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने एक साथ अनेक फैसले लिए हैं। सीबीआई जांच की निगरानी का काम पूर्व उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार व महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक दत्तात्रेय पडसालगीकर को सौंपा गया है। जांच और राहत कार्य के लिए तीन न्यायाधीशों का एक पैनल बनाया गया है, जिसकी कमान जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल को सौंपी गई है। चूंकि इस पैनल को महिलाओं के बीच काम करना है, इसलिए अन्य दोनों सदस्य जज भी महिलाएं हैं। ये फैसले बहुत तार्किक और न्यायपूर्ण हैं, जिनसे लोगों के भरोसे को बल मिलेगा। पैनल के सामने महिलाएं खुलकर अपनी पीड़ा रख पाएंगी। चूंकि मणिपुर में हिंसा और दंगा संबंधी 6,500 से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं, इसलिए सीबीआई के लिए तमाम मामलों की जांच करना आसान नहीं है। अतः महिलाओं की निर्मम हिंसा के 12 मामलों की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी गई है। यदि इन सभी मामलों में सीबीआई दोषियों को सजा दिलाने में कामयाब होती है, तो इसका व्यापक संदेश मणिपुर और पूरे देश में जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय ने जो फैसले लिए हैं, उनमें निष्पक्षता बहाल करने की पूरी कोशिश नजर आती है। अभी तक मणिपुर में राज्य सरकार का जो रवैया रहा है, उसे लगातार कठघरे में खड़ा किया जा रहा है। उसकी कमी की वजह से मणिपुर में जातीय हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही और अब तक 160 से अधिक लोगों की जान चली गई है। हजारों लोग घायल हुए हैं और अपने घर से विस्थापित लोगों की संख्या हजारों में है। लोगों की घर वापसी से पहले उनके विश्वास की बहाली ज्यादा जरूरी है। जब कानून व जांच की प्रक्रिया यथोचित ढंग से काम करने लगेगी, तो लोगों में भरोसा जगेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि जांच में स्थानीय लोगों को नहीं, बाहर के अधिकारियों को काम सौंपा जाए। न्यायालय पूरी जांच को व्यापक रूप से देख रहा है। पहले दो महिलाओं के खिलाफ हुई हिंसा के संबंध में ही संज्ञान लेने की अपील की गई थी, लेकिन न्यायालय ने समग्रता में मामलों को देखते हुए निर्देश दिए हैं। जाहिर है, मणिपुर में जिस पैमाने पर हिंसा हुई है, उसे समग्रता में देखते हुए ही समाधान संभव है। कानून को अपने हाथ में लेने वाला और देश को सांस्कृतिक-सामाजिक रूप से कमजोर करने वाला कोई भी दोषी तत्व बचना नहीं चाहिए। यह बात गौर करने की है कि हाल के वर्षों में पहली बार किसी राज्य में दंगे की ऐसी व्यापक जांच होने जा रही है और निगरानी की कमान सर्वोच्च न्यायालय के हाथों में है। क्षेत्रीय व दलीय राजनीति का मिजाज जिस तरह से बदल रहा है, उसमें निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की उम्मीद दुर्भाग्य से घटती चली जा रही है। इसमें कोई शक नहीं कि मणिपुर सरकार अगर स्वयं ही पूरी सजगता से काम करती, तो यह नौबत ही नहीं आती। लोगों को समझाने और समन्वय के साथ चलने में राज्य सरकार नाकाम रही है। भूलना नहीं चाहिए, सरकारों का पहला दायित्व सुरक्षा देना है। अगर सुरक्षा ही सुनिश्चित नहीं होती है, तो शासन का आधार भी कमजोर हो जाता है और लोग अराजकता के शिकार हो जाते हैं। मणिपुर में शासन और शांति की बहाली के लिए अब राज्य सरकार को सर्वोच्च न्यायालय की सहयोगी बनकर चलना चाहिए।

## विपक्ष की ताकत बढ़ी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद सोमवार को उनकी संसद सदस्यता भी बहाल कर दी गई। चूंकि संसद के मौजूदा मॉनसून सत्र के अब कुछ ही दिन बचे हुए हैं और मंगलवार से अविश्वास प्रस्ताव पर बहस शुरू होनी है, इसलिए कांग्रेस यह सुनिश्चित करना चाहती थी कि सोमवार को ही राहुल गांधी की सदस्यता बहाल हो जाए। हालांकि लोकसभा सचिवालय की ओर से न तो देरी का कोई संकेत था और न ही देरी हुई फिर भी इसे कांग्रेस की आशंका कहिए कि उसने देरी के जरा से संकेत पर सोमवार को ही सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रखी थी। इससे यह भी अंदाजा होता है कि अविश्वास प्रस्ताव के दौरान राहुल गांधी का संसद में होना और कांग्रेस की ओर से सरकार पर होने वाले हमले की अगुआई करना उसके लिए कितना अहम था। राहुल गांधी इस दौरान कैसी भूमिका निभाते हैं और उसका कितना प्रभाव सदन के अंदर और बाहर बनने वाले माहौल पर होता है यह देखने वाली बात होगी, लेकिन इसमें दो राय नहीं कि सदस्यता बहाली से आम तौर पर विपक्ष और खास तौर पर कांग्रेस का मनोबल बढ़ा हुआ है। सत्तारूढ़ पक्ष इसकी काट के रूप में बार-बार दोहरा रहा है कि राहुल गांधी की सजा पर बस अस्थायी रोक लगी है, उन्हें निर्दोष नहीं ठहराया गया है। यह सवाल भी बना हुआ है कि विपक्षी खेमे में दिख रहे इस उत्साह को कितना टिकाऊ माना जाना चाहिए। बयान देना या संसद में सब मिलकर सरकार पर हमला बोलना आसान है, विपक्षी एकता का कांटा तो फंसना है सीट बंटवारे पर। यह बात सभी दलों को पता है। ऐसे में राहुल गांधी का रुतबा और कांग्रेस का उत्साह बढ़ना दूसरे दलों के मन में असुरक्षा बढ़ा सकता है। अगर ऐसा हुआ तो कई कमजोर कड़ियों के छिटकने की शुरूआत हो सकती है।

# चिंतित करतीं बिहार में आतंकी जड़ें

ANALYSIS

हरेंद्र प्रताप

27 अक्टूबर, 2013 को नरेंद्र मोदी के पटना आगमन पर गांधी मैदान में हुए विस्फोट के कारण केंद्रीय एजेंसिया सतर्क थीं। परिणामस्वरूप वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री मोदी जब बिहार आए तो उससे एक दिन पूर्व एनआइए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) ने फुलवारी शरीफ से जलालुद्दीन और अतहर परवेज को गिरफ्तार कर लिया। शिक्षा के नाम पर ये दोनों युवाओं को जिहाद की ओर धकेल रहे थे। इसी प्रकार वर्ष 2016 में जाकिर नाइक और असदुद्दीन ओवैसी के समर्थन में पीएफआइ ने पटना में एक जुलूस निकाला था जिसमें पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए। वर्ष 2021 में त्रिपुरा की घटना को लेकर भी फुलवारी शरीफ में एसडीपीआइ (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया) के आह्वान पर एक अराजक जुलूस निकाला गया था। आतंकवादियों का बिहारी लिंक सदा से चर्चा में रहा है। देश में घटी तमाम आतंकी घटनाओं के तार बिहार से जुड़ते रहे हैं। फुलवारी शरीफ घटना में गिरफ्तार अतहर परवेज ने एनआइए के पूछने पर यह स्वीकार किया था कि अपनी गिरफ्तारी से चार-पांच महीने पूर्व वह एटीएस आफिस गया था तथा एटीएस के दो पदाधिकारी उसके संपर्क में थे। बिहार पुलिस ने इस समाचार का न तो खंडन किया और न ही यह बताया कि वे दो पदाधिकारी कौन थे।




पिछले दिनों बिहार के मधुबनी जिले के रहने वाले मो. एहतेशाम को दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ा गया। वह अफगानिस्तान भागने की तैयारी में था। प्रतिबंधित आतंकी संगठन पीएफआइ (पापुलर फ्रंट आफ इंडिया) के सदस्य याकूब खान को भी बिहार के पूर्वी चंपारण के एक मदरसे से गिरफ्तार किया गया था। गत वर्ष जब पीएफआइ से संबंधित समाचार आ रहे थे तो उसमें पटना हवाई अड्डा से सटे फुलवारी शरीफ के अलावा पूर्वी चंपारण और पूर्णिया का भी नाम आया था। पूर्णिया जिला पीएफआइ का मुख्यालय था तो पूर्वी चंपारण उसका ट्रेनिंग सेंटर। 27 अक्टूबर, 2013 को नरेंद्र मोदी के पटना आगमन पर गांधी मैदान में हुए विस्फोट के कारण केंद्रीय एजेंसिया सतर्क थीं। परिणामस्वरूप वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री मोदी जब बिहार आए तो उससे एक दिन पूर्व एनआइए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) ने फुलवारी शरीफ से जलालुद्दीन और अतहर परवेज को गिरफ्तार कर लिया। शिक्षा के नाम पर ये दोनों युवाओं को जिहाद की ओर धकेल रहे थे। इसी प्रकार वर्ष 2016 में जाकिर नाइक और असदुद्दीन ओवैसी के समर्थन में पीएफआइ ने पटना में एक जुलूस निकाला था जिसमें पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए। वर्ष 2021 में त्रिपुरा की घटना को लेकर भी फुलवारी शरीफ में एसडीपीआइ (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया) के आह्वान पर एक अराजक जुलूस निकाला गया था। आतंकवादियों का बिहारी लिंक सदा से चर्चा में रहा है। देश में घटी तमाम आतंकी घटनाओं के तार बिहार से जुड़ते रहे हैं। फुलवारी शरीफ घटना में गिरफ्तार अतहर परवेज ने एनआइए के पूछने पर यह स्वीकार किया था कि अपनी गिरफ्तारी से चार-पांच महीने पूर्व वह एटीएस आफिस गया था तथा एटीएस के दो पदाधिकारी उसके संपर्क में थे। बिहार पुलिस ने इस समाचार का न तो खंडन किया और न ही यह बताया कि वे दो पदाधिकारी कौन थे। वर्ष 2006 में मुंबई एटीएस ने मुंबई ट्रेन विस्फोट में मधुबनी के मो. कलाम और खालिद शेख को गिरफ्तार किया था। वर्ष 2009 में दिल्ली विस्फोट में मधुबनी के मो. मदनी, 2008 में रामपुर के सीआरपीएफ कैंप में हुए विस्फोट में मधुबनी के सबाहुद्दीन, 2011 में मधुबनी के ही अफजल एवं गुल अहमद की गिरफ्तारी के बाद समाचार पत्रों में आतंकवाद के ह्यमधुबनी और दरभंगा माड्यूलह्ल की चर्चा भी शुरू हो गई थी। मई 2012 में कर्नाटक पुलिस ने बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम विस्फोट के संबंध में दरभंगा के मो. कफिल को गिरफ्तार किया था। इस पर बिहार विधानसभा के अंदर एक प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि कर्नाटक पुलिस ने अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को बिहार पुलिस को बिना बताए गिरफ्तार किया। अखबारों में दरभंगा और मधुबनी माड्यूल लिखे जाने की भी उन्होंने निंदा की। मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2012 में कर्नाटक की भाजपा सरकार के खिलाफ की गई टिप्पणी 2013 में भाजपा से संबंध विच्छेद का कोई पूर्व संकेत तो नहीं था? वर्ष 2021 में हुए दरभंगा ट्रेन विस्फोट की जांच एनआइए कर रही थी। इसी क्रम में 2022 में प्रधानमंत्री मोदी के बिहार आगमन के एक दिन पूर्व फुलवारी शरीफ में एनआइए ने कार्रवाई की। इस घटना के बाद राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण एवं नीति आयोग की बैठक से मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति ने भावी राजनीति के संकेत दे दिए। फुलवारी शरीफ की घटना के बाद बिहार में राजनीतिक परिवर्तन हुआ था। भाजपा से संबंध विच्छेद करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह स्वीकार किया कि समाज में विवाद पैदा करने का प्रयास उन्हें अच्छा नहीं लग रहा था। सवाल यह है कि किस विषय को लेकर कौन विवाद पैदा कर रहा था? लगता है बिहार का प्रशासनिक तंत्र आतंकवाद के प्रति गंभीर नहीं है। गांधी मैदान विस्फोट की जांच एनआइए को देने का उसने विरोध किया था। विस्फोट के बाद मुख्यमंत्री ने कहा था कि खुफिया विभाग (आइबी) ने कोई इसकी पूर्व सूचना नहीं दी थी। मुख्यमंत्री के दावे को खारिज करते हुए आइबी ने यह कहा था कि राज्य सरकार को इसकी पूर्व में सूचना दी गई थी। फुलवारी शरीफ की घटना के बाद पटना के तत्कालीन एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने पीएफआइ की तुलना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से की थी। उनके इस बयान के आधार पर कह सकते हैं कि राज्य का पुलिस-प्रशासन आतंकवाद को गंभीरता से नहीं ले रहा। कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है, पर लोकतंत्र में राज्य की सत्ता का संचालन करने वाला वोट बैंक चाहे जाति का हो या पंथ का के खिलाफ सख्त कदम उठाने से परहेज कर रहा है। आज राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष इस्लामिक और वामपंथी चरमपंथ का खतरा गहराता जा रहा है। फुलवारी शरीफ में आतंकवादियों से प्राप्त दस्तावेज में वर्ष 2047 तो माओवादियों से प्राप्त दस्तावेज में वर्ष 2050 में भारत पर कब्जा करने के उनके मंसूबे का पदार्फाश हुआ है। पीएफआइ पर प्रतिबंध के बाद उम्मीद थी कि बिहार सरकार व्यापक स्तर पर अभियान चलाएगी, पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। पीएफआइ ने अपना मुख्यालय संवेदनशील पूर्णिया में खोल रखा था। मुजफ्फरपुर से सटे मोतिहारी जिले में पीएफआइ के ट्रेनिग सेंटर संबंधी फोटो को मीडिया ने दिखाया भी था। इन जगहों पर बड़े पैमाने पर छापेमारी की आवश्यकता थी, पर नहीं की गई। जिस तरह सिमी (स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट आफ इंडिया) पर प्रतिबंध के बाद आतंकवादियों ने एक नए नाम पीएफआइ के तहत अपने संगठन को जिंदा रखा, उसी प्रकार पीएफआइ पर प्रतिबंध के बाद वे किस बैनर से सक्रिय हैं-इसकी जांच-पड़ताल की आवश्यकता है। बारूद के ढेर पर बैठे बिहार को गंभीरता से लेना होगा।

**लेखक बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य हैं।**

# संवाद के अभाव से बिगड़ती स्थिति

आजकल निजी पारिवारिक जीवन और सार्वजनिक सामाजिक जीवन के तेजी से बदलते परिवेश में बड़ी भयावह घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। ऐसे घटनाक्रम मनुष्य होने के मूल भाव को ही तिरस्कृत तथा अपमानित करने वाले हैं। पिछले दिनों में प्रेमियों का लिव-इन में रहना और फिर उसी प्रियजन की बर्बर हत्याओं की घटनाएं देश के कई कोनों से आईं। ऐसे ही पत्नी द्वारा प्रेमी की सहायता से पति की जान लेने जैसी भयानक वारदात की खबरें भी आती रहती हैं। कई मामलों में यह उलटा भी होता है और पीड़ित पत्नी या प्रेमिका होती है, जहां पति या प्रेमी कोई जघन्य वारदात को अंजाम देता है। दुष्कर्म में व्यक्ति और समूह के स्तर पर लिप्त होने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। ये सभी स्वार्थ के लिए रिश्तों की गहराती टूटन और आपसी भरोसे को कलंकित करने वाली घटनाएं हैं। चिंता की बात यह है कि ऐसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वे बार-बार और जगह-जगह हो रही हैं। इससे हमारा सामाजिक तानाबाना बिगड़ रहा है। उसमें गांठें पड़ रही हैं। कुछ ऐसी ही स्थिति देश के सार्वजनिक जीवन में भी घटित होती दिख रही है। देश के अनेक क्षेत्रों में ऐसी घटनाएं घटित हो रही हैं जो दिल दहला देने वाली हैं। शायद ही देश का कोई ऐसा राज्य हो जहां से अप्रिय खबरें न आ रही हों। फिर भी, हाल में बंगाल, बिहार, राजस्थान और मणिपुर सबसे अधिक गलत कारणों से चर्चा में रहे। मणिपुर में जारी हिंसा ने समूचे राष्ट्र की पेशानी पर बल डाल दिए हैं। वहां महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार ने देश की छवि को पूरी दुनिया में कलंकित करने का काम किया है। कला एवं सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध मणिपुर का घटनाक्रम समाज और सरकार दोनों में गहराई से पैठ कर चुकी जड़ता, अविश्वास और घोर निष्क्रियता को ही उजागर कर रहा है। राज्य का परिदृश्य यही संकेत करता है कि यहां कानून एवं व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आम जन भय और दहशत के साये में जीने को विवश हैं। मणिपुर में मैतेयी और कुकी दोनों समुदायों की अस्मिता एवं उससे जुड़े हितों को न समझना और उनकी उपेक्षा करना खतरनाक साबित हुआ। मनुष्य अब अधिकाधिक अस्मिताजीवी होता जा रहा है। एक जैसी अस्मिताएं यदि आपस में जोड़ती हैं तो दूसरे समुदायों से तोड़ती भी हैं। हम अपने समुदाय को श्रेष्ठ और दूसरे को खराब साबित करने में जुट जाते हैं। इस दौड़ के अगले पड़ाव में दोनों अस्मिताओं वाले लोग एक दूसरे के दुश्मन होने लगते हैं। वे उनसे बड़ी अस्मिताओं जैसे मनुष्य होना या भारतीय होने को भूलने लगते हैं। बड़ी अस्मिताओं के साथ जुड़ना और अपने को पहचानना साझेदारी पर टिका होता है और उनमें परस्पर निर्भरता और पूरकता का रिश्ता होता है। वहीं, अलग और खास होती अस्मिताएं तकरार का कारण बनती हैं। अंतरराष्ट्रीय सीमा एवं म्यांमार से निकटता के कारण मणिपुर का मुद्दा और जटिल हो जाता है। इसलिए मणिपुर की समस्या को वहां के भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संदर्भ में समझना होगा। साथ ही इस पूरे घटनाक्रम का राजनीतिक संदर्भ देखना भी जरूरी होगा। हम इस उभरते माहौल को अनदेखा नहीं कर सकते जो विभिन्न प्रदेशों में दिख रहा है, जिसमें संवाद की जगह हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है। दुर्भाग्य यह है कि अब हिंसा का राजनीतिक इस्तेमाल नैतिकता की हदें पार करता जा रहा है। स्थिति के प्रति उदासीन नेता उसका लाभ उठाने से भी नहीं चूकते। मणिपुर के मामले की गूंज संसद में कैसे गूंजे और उस गूंज का श्रेय कैसे लिया जाए अब यही मुख्य राजनीतिक प्रश्न बन गया है। पीड़ितों-प्रभावितों के दुख-दर्द, पीड़ा और मुश्किलों को कैसे कम किया जाए, सामान्य जनजीवन कैसे बहाल हो और लोग इधर-उधर शिविरों को छोड़ अपने-अपने घरों में वापस लौट आएं, ये सभी प्रश्न गौण हो चले हैं। राजनीतिक रणनीतिकारों का सरोकार अगले चुनाव के लिए सिर्फ वोट बटोरने तक सीमित होता है। राजनीतिक बिरादरी संसदीय दायित्वों से पल्ला झाड़ रही है। वहां सार्थक विमर्श के अलावा सब कुछ हो रहा है। पूरा मानसून सत्र अड़ियल रवैये से उपजे संसदीय गतिरोध की भेंट चढ़ता दिख रहा है। मणिपुर के घटनाक्रम की गंभीरता सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों खेमों के सांसदों ने स्वीकारी, लेकिन उस पर आवश्यक चर्चा के लिए दोनों खेमे सहमति के किसी बिंदु पर नहीं पहुंच सके। स्थिति यही है कि बातचीत से बात बनती नहीं दिख रही और वेबात की बात करने में अपनी चतुराई दिखाने में हम लोग आगे चल रहे हैं। बात करने के लिए विपक्ष द्वारा जितना समय मांगा जा रहा था, उससे काफी ज्यादा समय बिना बात किए बिताया या कहें कि गंवाया जा चुका है। अब सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष नियमों और कायदे-कानूनों का सहारा लेकर अपनी-अपनी बढ़त सुनिश्चित करने की कोशिश में लगे हुए हैं। देश की सबसे बड़ी पंचायत में अब नाटकीयता और हंगामे का ही बोलबाला है। अभद्र भाषा के उपयोग से भी किसी को कोई गुरेज नहीं दिख रहा। संसद के कार्य की हानि के साथ जनता की गाढ़ी कमाई का करोड़ों रुपया इस पंचायती उपद्रव की भेंट चढ़ रहा है। इन सबसे यही लगता है कि आर्थिक विकास और भौतिक सुख-सुविधाओं की बढ़त के साथ रिश्तों में सहिष्णुता, पारदर्शिता और भरोसे के स्तर पर जो परिपक्वता आनी चाहिए, वह नहीं आ पा रही है। हमारी सामाजिक-सांस्कृतिक पूंजी चुकती सी नजर आ रही है और हमारा मूल्यबोध धुंधला पड़ रहा है। देश ने अमृतकाल में आगे बढ़ने का बड़ा संकल्प लिया है और आर्थिक मोर्चे पर एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरने को तैयार हो रहा है। ऐसे में व्यक्तिगत और सामाजिक विकास की आंतरिक चुनौती हमें आचार और विचार दोनों ही दृष्टियों से आत्मावलोकन के लिए आवाज दे रही है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



मुझे श्री अरबिंदो आश्रम का दौरा करके बहुत खुशी हुई है, जिसकी स्थापना लगभग एक सौ साल पहले, 1926 में हुई थी। मां के मार्गदर्शन में, आश्रम एक बड़े, बहुआयामी आध्यात्मिक समुदाय के रूप में विकसित हुआ।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



महान झारखण्ड आंदोलनकारी, वीर माटी पुत्र, अमर वीर शहीद निर्मल महतो जी के शहादत दिवस पर शत-शत नमन। झारखण्ड के वीर शहीद अमर रहें! वीर शहीद निर्मल महतो अमर रहें! जय झारखण्ड!

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा ने आज नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी का सम्मान सह आगामी कार्य योजना को लेकर बैठक की। इस बैठक में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर कुमार बाउरी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल मरांडी को अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# भगीरथ प्रयास, नगरीय विकास

योगी सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी नगरों के विकास के लिए भगीरथ प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग की विभिन्न विकास योजनाओं सम्बन्धी प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया है। हाल ही में इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। इसके अलावा उन्होंने उड्डयन विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की है। वस्तुतः दोनों विभाग नगरीय क्षेत्र के व्यापक विकास से ही सम्बन्धित हैं। प्रदेश सरकार सभी नगरों के सतत एवं सुनियोजित विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत सोलह इन्डीकेटर तय किए गए हैं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ सभी को इन मानकों पर बेहतर कार्य करने की योगी आदित्यनाथ ने प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा है कि विभिन्न प्रमाणपत्र बनाने की ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित होनी चाहिए, जिससे आमजन को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। अब तो गरीब कन्याओं की शादी व अन्य मांगलिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए नगर विकास विभाग द्वारा कल्याण मण्डपम बनवाये जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना से इन्हें जोड़ा जा रहा है। इन कल्याण मण्डपम के निर्माण में विधायक निधि का भी उपयोग किया जाएगा। शहरी क्षेत्र के धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों में मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए कार्यों को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। शहरों में निराश्रित और लावारिस पशुओं का व्यवस्थित पुनर्वास पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश उड्डयन क्षेत्र में नई पहचान बनकर उभरा है। इस क्षेत्र में छह साल बेमिसाल हैं।अनेक योजनाए प्रगति पर हैं। योगी आदित्यनाथ ने नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय में योजनाओं को पूरा करने के निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि दिव्य और भव्य कुम्भ से पूर्व प्रयागराज एयरपोर्ट की क्षमता व नागरिक सुविधाओं में विस्तार किया जाए। प्रदेश में हेलीकॉप्टर की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। गोरखपुर एयरपोर्ट का त्रिपक्षीय सर्वे जुलाई में पूर्ण हो चुका है। इसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जाएगा। प्रदेश में तीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, सत्रह हवाई पट्टियां हैं। आठ हवाई पट्टियां भारतीय वायु सेना के अंतर्गत हैं। जनपद श्रावस्ती, आजमगढ़, चित्रकूट, अलीगढ़ में राज्य सरकार द्वारा कराए जा रहे सिविल कार्य पूर्ण हो चुके हैं। छह साल में प्रदेश में हवाई माध्यम से माल ढुलाई में चार गुना वृद्धि हुई है। एयर ट्रैफिक में करीब दोगुनी वृद्धि हुई। हवाई उड़ानों के साथ-साथ यात्रियों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है। नगर विकास के क्रम में मंत्रिमंडल ने अयोध्या शहर को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की योजना दिव्य है। यहां चालीस मेगावॉट की सोलर विद्युत उत्पादन परियोजना स्थापित की जाएगी। सरयू नदी के निकट चिह्नित भूमि पर इस सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना हेतु एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि. को नामित किया जाना प्रस्तावित है। परियोजना की स्थापना हो जाने से प्रतिवर्ष सस्ती दर पर सत्तर मिलियन यूनिट से अधिक हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा, जिसे अयोध्या की मांग की पूर्ति के लिए ग्रिड में फीड किया जाएगा। प्रदेश में सौर ऊर्जा परियोजनाओं/जैव ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए भूमि की उपलब्धता सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। निवेशकों को शासकीय भूमि उपलब्ध कराने में सुगमता के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निवेशकों के साथ यूपीनेडा द्वारा लीज डीड हस्ताक्षरित की जाएगी। मंत्रिमंडल द्वारा बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन के लिए भूमि क्रय, औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार तथा अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को भूमि क्रय के लिए ऋण के मद में आवंटित आठ हजार करोड़ रुपये की कार्ययोजना का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजनों का सिलसिला शुरू हो गया है। आदिवासियों की परंपरा व संस्कृति फिजां में गूंजने लगी है। वास्तव में हमारे पारंपरिक जनजातीय गीत-संगीत व नृत्य बहुत मधुर और मोहक हैं। हमारे जनजातियों ने प्रकृति और पर्व त्योहारों को संरक्षित रखा है। हम सबों का भी दायित्व है कि अपने परंपरा संस्कृति को बचाएं। झारखंड के 3.8 करोड़ की आबादी में 28 प्रतिशत आदिवासी हैं। सरकार द्वारा झारखंड के 24 जिलों में इनके लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। यह समय है कि लोग आदिवासियों के बारे में जानें, समझें और अनुकरण भी करें। आदिवासी समाज के लोग बहुत परिश्रमी होते हैं और यहां की महिलाएं बहुत कर्मठ हैं। राज्य में आदिवासी महिलाओं के निर्मित उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने की जरूरत है। इससे उन्हें और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा। झारखंडी व्यंजनों तथा झारखंडी परिधानों को भी बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। आदिवासी समाज के लोग अब अच्छी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। कोशिश होनी चाहिए कि और अधिक लोग उच्च शिक्षा प्राप्त करें। यह गर्व की बात है कि हमारे देश की राष्ट्रपति भी आदिवासी हैं। झारखंड के लिए यह और गर्व की बात है कि वे यहां की राज्यपाल रह चुकी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी उच्च शिक्षा प्राप्त की। वे एक उदाहरण के रूप में हैं।

**डॉ संपूणार्नंद मिश्रा, आयुर्वेद सेवाश्रम।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# पश्चिमि सिंहभूम के TONTO थाना से पांच नक्सली गिरफ्तार, कई IED बरामद कर किये गये नष्ट

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** चाईबासा पुलिस ने सीआरपीएफ व झारखंड जगुआर टीम की मदद से टोंटो थाना क्षेत्र से पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही इन लोगों के पास से कई सामान बरामद किए गए हैं। इसके अलावा इन लोगों के निशानदेही पर कई आईईडी बम को बरामद कर विनष्ट कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि टोन्टो थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गौबुरू के आस पास के जंगलों में पुलिस बल को क्षति पहुंचाने के लिए प्रतिबंधित भाकपा माओवादी का एक दस्ता के द्वारा जगह जगह पर कई आईईडी लगाए हुए है। ये सभी गांवों के अगल बगल भ्रमणशील रहकर पुलिस बल की गतिविधि पर निगरानी रख रहे है। इस सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक ने द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) चाईबासा के नेतृत्व सीआरपीएफ 193एफ बीएन, सीआरपीएफ 174 बीएन, झारखंड जगुआर बीडीडीएस टीम एवं जिला पुलिस के सव बल के साथ एक टीम गठित कर गौबुरु के आस पास छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में गौबुरु गांव से टोटो थाना क्षेत्र के गौबुरू निवासी जयसिंह अंगरिया उर्फ राउतु अंगरिया, मदन अंगरिया, बड़ा झींकपानी निवासी अभिषेक हांसदा उर्फ मटलू उर्फ चौड़े, सारजोनपुर निवासी सुकलाल वानरा उर्फ चाड़ा एव गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कट्‌बा निवासी मोने तियु पकड़ाये। इनके बदन की तालाशी लेने से संदिग्ध वस्तु बरामद हुआ।



मीडिया को जानकारी देते पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर व गिरफ्तार नक्सली। ● फोटोन न्यूज

इनसे पूछताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया कि ये लोग प्रतिबंधित भाकपा माओवादी के साथ पुलिस बल को क्षति पहुँचाने के लिए गौबुरु के जंगल में कई जगह पर आईईडी लगाये है। हमलोगों को गांव में भ्रमणशील रहकर पुलिस की गतिविधि पर निगरानी रखने का काम है। पुलिस की आने की सूचना नक्सली को देते है। पकड़ाये पांचों व्यक्तियों का स्वीकारोक्ति ब्यान लिया गया। पांचों व्यक्ति ने आगे बताये कि भाकपा माओवादी के सक्रीय सदस्य अधिन, सुशांत व अपटन दा के दस्ता के सदस्यों के साथ मिलकर ये लोग पुलिस बल को क्षति पहुँचाने के लिए गौबुरु के आस पास के जंगल में जगह जगह पर कई आईईडी लगाए है। आईईडी लगाए हुए स्थान से बरामद करा सकते हैं।

इनके स्वीकारोक्ति ध्यान के निशानदेही स्थान पर सुरक्षा बलों द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इनके निशानदेही स्थान पर 2 कैन प्रेशर आईईडी, सिरिंज मैकानिज्म, प्रत्येक का वजन करीब 2-3 केजी, दो केन प्रेशर आईईडी सिरिज मेकानिज्म प्रत्येक का वजन करीब 4-5 केजी, एक पाईप आईईडी (क्लेमोर बम) कमाण्ड मैकानिज्म, दो केन प्रेशर आईईडी, सिरिंज मेकानिज्म, प्रत्येक का वजन करीब 4-5 केजी बरामद हुआ। सुरक्षा की दृष्टीकोण से झारखंड जगुआर बीडीएस टीम के द्वारा सुरक्षित विनष्ट किया गया। पकड़ाए व्यक्ति में से मोने ने बताया कि ये झिलरुआ हथियार लूट काण्ड में एवं मोने, सुखलाल बानरा उर्फ चाड़ा एवं अभिषेख हाँसदा उर्फ चौड़े ये तीनों बलजोडी, मेरलगाड़ा मैगजीन लूट काण्ड में भी शामिल थे। गिरफ्तार सभी पाँच अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## BRIEF NEWS

### पुलिस ने अपहृत प्रिंसिपल को छुड़ाया, तीन गिरफ्तार दो पिस्तौल व स्कॉर्पियो जब्त



**SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। किंजिरिकेला थाना पुलिस ने 10 घंटे के अंदर अपहृत स्कूल के प्रधान शिक्षक को छुड़ा लिया। पुलिस ने 3 अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। अपराध में प्रयुक्त 2 पिस्तौल और एक स्कॉर्पियो वाहन जब्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्राह्मणमारा हाई स्कूल के प्रधान शिक्षक सर्बेश्वर दास का सोमवार शाम अपहरण कर लिया गया था। स्कूल से लौटते वक्त लिफ्ट देने के बहाने स्कॉर्पियो कार में सवार छह बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर उसका अपहरण कर लिया। बाद में अपहृत को छोड़ने के लिए हेड मास्टर के पत्नी से फोन पर 5 लाख रुपये की मांग की थी। सर्वेश्वर की पत्नी द्वारा 5 लाख रुपये देने में असमर्थता जताने के बाद मामला लाख रुपये में तय हुआ। सूत्र से सूचना मिलने पर पुलिस की दो टीमें छत्तीसगढ़ के जंगल में पहुंचीं और शिक्षक को बचाया और तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। भगोड़ों को पकड़ने के लिए जगह-जगह पुलिस की छापामारी जारी है।

### गोपालपुर में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा केन्द्र खोला गया



**SUNDARGARH :** गोपालपुर में नेत्र चिकित्सा केंद्र (लायंस विजन सेंटर) खोला गया है। वेदव्यास लायंस आई हॉस्पिटल राउरकेला और मिलेनियम सप्लायर्स के संयुक्त उद्यम में स्थापित इस केंद्र का उद्घाटन एमसीएल बसुंधरा क्षेत्र के अधीक्षक पीबी। रेड्डी और कुलदा खनन परियोजना अधिकारी मनोरंजन दास ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान बताया गया कि क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। लायंस आई हॉस्पिटल के चेयरमैन सुरेश केजरीवाल, लायंस क्लब पदाधिकारी ममता गौतम, उपाध्यक्ष सतीश गौतम, कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अतुल सांगवी, संपादक उषा सांगवी, पायल अग्रवाल, निशांत अग्रवाल, आराधना साहू सहित निदेशक घनश्याम डालमिया, अभिषेक डालमिया, सुंदरगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रेमशीला सिंह, सुनील सिन्हा, मिलेनियम सप्लायर्स के स्वयंसेवक सेबी दिव्यसिंह बेहरा, रजनीकांत शतपथी आदि उपस्थित थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर प्रशिक्षण आयोजित

**CHAIBASA :** आगामी 10 से 25 अगस्त तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन के लिए मास ड्रग्स एडमिस्ट्रेशन कार्यक्रम की सफलता के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। प्रशिक्षण में डॉ।.रश्मि दत्ता और अहसन फारूक द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में हर आयु वर्ग के अनुसार डीइसी और एल्बेंडाजोल की खुराक, प्रतिकूल प्रभाव, इसका प्रबंधन बताया गया। 10 अगस्त को सभी आंगन बाड़ी बूथ पर एल्बेंडाजोल की दवा दी जाएगी। 11 से 25 अगस्त तक घर-घर घूमकर सभी को दवा खिलाई जाएगी। ताकि फाइलेरिया की रोकथाम की जा सके। गर्भवती महिला, दो वर्ष से छोटे बच्चे और गंभीर रूप से बीमार लोगों नहीं दी जाएगी दवा।

### पॉक्सो एक्ट का फरार ओरोपी गिरफ्तार, सदर पुलिस ने भेजा जेल

**CHAIBASA :** पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त मो जाहिद को सदर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मो जाहिद बड़ी बाजार के कुरैसी मोहल्ला का रहने वाला है। उसके खिलाफ वर्ष 2019 में एक मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। उसके खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत था। पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर मो जाहिद को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में मंडल कारा चाईबासा भेज दिया।

# हम नहीं कचड़ा वाली, सफाई वाली हैं ... जैसे नारों के साथ बीरमित्रपुर में निकाला गया जुलूस

**PHOTON NEWS ROURKELA :** हम नहीं है कचरा वाली, हम है सफाई वाली ...ऐसे नारों के साथ मंगलवार को बीरमित्रपुर में जुलूस निकाला गया। जुलूस में स्वच्छता साथी और स्वच्छता सुपरवाइजर विभिन्न नारे लिखी तख्तियां लेकर शामिल हुए। इसका उद्देश्य लोगों को जागरूक करना था। विरमित्रपुर के घरों से कूड़ा कचरा लेते समय लोग उनके साथ सम्मान से पेश आते नही हैं। उन्हे कचरा वाली कह कर बुलाया जाता। इस बात से उन्हे ठेस पहुंचती है। इसे लेकर ही रैली निकाली गई।


जुलूस में शामिल महिलाएं एवं पुरुष। ● फोटोन न्यूज

स्वच्छ साथी और स्वच्छ सुपरवाइजर शहर का चक्कर लगाते हुए नगर निगम कार्यालय के सामने पहुंचे। उनको चेयरमैन और नगर निगम के कार्यकारी अधिकारियों ने फूल देकर स्वागत किया। स्वच्छ साथी और सुपरवाइजर्स के स्वाभिमान के लिए ऐसी अभिनव पहल शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

मालूम हो कि तीन साल से स्वच्छता साथी और स्वच्छता सुपरवाइजर विरमित्रपुर में घर-घर से कचरा इकट्ठा कर रहे हैं। विरमित्रपुर नगर निगम के चेयरमैन संदीप मिश्रा ने कहा, वे सफाई कर्मी हैं और हम उन्हे सफाई कर्मी कहें। इससे उनके आत्मसम्मान को ठेस नहीं लगेगा।

# कांग्रेस ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाली पर मनाया जश्न

**PHOTON NEWS ROURKELA :** संसद में राहुल गांधी को लोकसभा सदस्यता वापस मिलने पर राउरकेला युवा कांग्रेस और कांग्रेस अल्पसंख्यक सेल की ओर से एक स्वागत समारोह आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता छात्र कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत बारिक और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष इजाज अख्तर ने की। अतिथि के रूप में पूर्व विधायक पंगम महापात्रा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव प्रबोध दास शामिल हुए। इस अवसर पर कांग्रेस भवन परिसर में नये युवा कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन किया गया। सुंदरगढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष जनार्दन देहुरी ने नये कार्यालय का उद्घाटन किया।


उद्घाटन समारोह में मौजूद पार्टी के नेता व कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

# तीन दिवसीय अमृत युवा कला उत्सव शुरू, कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा


मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र के सहयोग से संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अमृत युवा कला उत्सव का उद्घाटन सिविक सेंटर, राउरकेला में हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि आरएसपी कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पीके. सत्पथी और एनआईटी, राउरकेला के निदेशक प्रोफेसर के. उमा महेश्वर राव सम्मानित अतिथि थे। संगीत, नृत्य और नाटक का 3 दिवसीय उत्सव भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य आयोजित हो रहा है।

इस दौरान पीके सत्पथी ने कहा कि देश भर के युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए संगीत नाटक अकादमी के प्रयास की सराहना की। वहीं प्रोफेसर राव ने अपने संबोधन में समाज की समग्र प्रगति में कला और संस्कृति के महत्व के बारे में बताया। संगीत नाटक अकादमी के सचिव राजू दास ने इस अनूठे उत्सव के उद्देश्य और आकांक्षाओं के बारे में विस्तार से बताया। संगीत नाटक अकादमी के सदस्य डॉ. संजय चौधरी ने धन्यवाद दिया।

### ओड़िसी नृत्य से मंत्र मुग्ध हुए दर्शक

उद्घाटन संध्या में गुरु डॉ. रामहरि दास के नेतृत्व में रामहरि दास ओडिसी गुरुकुल, पुरी के कलाकारों द्वारा ह्यमोहिनी नाट्यमह्ल एवं मनमोहक करमा का प्रदर्शन किया गया। ढोल माहुरी कला परिषद, ओडिशा द्वारा नृत्य और गंजम लोक कला केंद्र, गंजाम के लोक कलाकारों द्वारा रणप्पा नृत्य प्रस्तुत किया गया उद्घाटन सांस्कृतिक संध्या का समापन हिंदी नाटक 'शहादत' के मंचन के साथ हुआ।

## भाजपा ने की मो माटी-मो देश कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक

# प्रत्येक घर से मिट्टी इकट्ठा कर कम से कम 75 पौधे लगाने और दिल्ली भेजने का दिया सुझाव

**PHOTON NEWS ROURKELA :** भारतीय जनता पार्टी, राउरकेला जिला कार्यालय में मंगलवार को मो माटी मो देश कार्यक्रम को लेकर बैठक की। बैठक जिला अध्यक्ष लतिका पटनायक की अध्यक्षता में हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष सुकेशी ओराम ने सामूहिक बंदे मातरम गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जिला अध्यक्ष लतिका पटनायक ने राज्य से आये दिशा-निर्देशों को लागू करने की जानकारी दी और संगठन को मजबूत करने के लिए सभी को प्रयास करने को कहा। सुकेशी ओराम ने कार्यक्रम की जानकारी दी। मो माटी मो देश कार्यक्रम को गति देने के लिए प्रत्येक वार्ड, पंचायत के घर से मिट्टी और चारा इकट्ठा करने को कहा। उन्होंने प्रत्येक मंडल स्तर पर कम से कम 75 पौधे लगाने और बड़ी मात्रा में दिल्ली भेजने का प्रयास करने का सुझाव दिया।


बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

9 अगस्त क्रांति दिवस पर प्रधानमंत्री ने सभी पंचायत स्तर पर आवास योजना में व्याप्त अनियमितता और भ्रष्टाचार के खिलाफ जन आंदोलन चलाने और राज्य सरकार को घेरने की योजना बनाने का आह्वान किया। विरमित्रपुर विधायक शंकर ओराम ने अपने भाषण में कार्यक्रम के कार्यान्वयन का सुझाव दिया और पार्टी को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने को कहा।

बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निहार रॉय, प्रमिला दास, जगबंधु बेहरा, जिला प्रवक्ता गंगाधर दास, जिला महासचिव शशांक शेखर जेना और माल्या महापात्र मंचासीन उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल द्वारा घोषित प्रदेश कार्यकताओं की सूची में सुकेशी ओराम को पुनः उपनेता के रूप में शामिल किये जाने पर आज इस बैठक में जिला, विभिन्न मोर्चा एवं मंडलों द्वारा उन्हें बधाई दी गयी एवं फूल-मालाओं से अभिनंदन किया गया। उपाध्यक्ष प्रमिला सोना, सुब्रत पटनायक,

दिलीप दाश, जिला सचिव सस्मिता पाढ़ी अजय कंसारी, प्रबल बारिक, आशा नायडू, जिला कोषाध्यक्ष मनोज माहेश्वरी, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता गौतम, जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष बाबुली मुर्मू, जिला अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रोहित तांती, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष सिख मुजाहिद, राज्य अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकारी सदस्य सुशील सेठी, प्रवक्ता भगवान राउत, विभिन्न मंडल अध्यक्ष सर्ब हीरोज रॉय, बिंदर सिंह, प्रसन्न दास, जयंत दास और सक्तेश्वर पत्रों ,बिभु महापात्रा उपस्थित थे। मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष अमरेंद्र शर्मा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला सचिव परेश मिश्रा ने किया।

## लगातार शिकायतों के बाद भी जन अधिकारों का उल्लंघन जारी

# DC ANANYA MITTAL से मिलकर खाद्य सुरक्षा जन अधिकार मंच ने की कार्यवाई की मांग

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** खाद्य सुरक्षा जन अधिकार मंच पश्चिमी सिंहभूम का प्रतिनिधिमंडल जिला के उपायुक्त अनन्य मित्तल से मिलकर जिला में जन अधिकारों के लगातार उल्लंघन व कल्याणकारी कार्यक्रमों व सेवाओं के समस्याओं के निराकरन की मांग की। मंच ने इनसे संबंधित शिकायत व आवेदन प्रखण्ड व संबंधित पदाधिकारियों को कई बार दिया है लेकिन अधिकांश शिकायतों पर कार्यवाई नहीं हुई है। उपायुक्त ने मुद्दों व मांगों पर कार्यवाई का आश्वासन दिया।

मंच प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कई प्रखण्डों (सोनुआ, तांतनगर, मंझरी, खूंटपानी आदि) से बकाया मनरेगा मजदूरी भुगतान व बेरोजगारी भत्ता का आवेदन कई बार प्रखण्ड व उपविकास आयुक्त को दिया गया है। लेकिन कई महीनों के बाद भी लंबित है। मंच ने मांग किया कि मनरेगा मजदूरों को मुआवजा सहित लंबित भुगतान एवं बेरोजगारी भत्ता का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।


उपायुक्त को ज्ञापन देते मंच के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

प्रतिनिधिमंडल ने जिले के आंगनवाड़ी सेवाओं की दयनीय स्थिति को भी साझा किया। मंच के सर्वेक्षण में पाया गया था कि कि केवल 55% आंगनवाड़ी केंद्र नियमित रूप से खुलते है एवं केवल 55% केन्द्रों में सेविका नियमित रूप से उपस्थित रहती है. केवल 17% केन्द्रों में ही बच्चों को नियमित रूप से शिक्षा मिल रही है. अनेक केन्द्रों में सिर्फ हल्दी, चावल और थोड़ी सी दाल मिलाकर खिचड़ी ही दिया जाता है। जिला को इस विषय में अवगत कराने के बावजूद भी स्थिति में सुधार नहीं हुई है। कई सुदूर गावों, जहां के बच्चे आंगनवाड़ी सेवाओं से वंचित हैं, आंगनवाड़ी के आवेदन पर कार्यवाई महीनों से लंबित है। व्यापक कुपोषण वाले जिला के लिए यह शर्मनाक स्थिति है।

उपायुक्त का ध्यान इस बात पर भी केन्द्रित किया गया कि जिला में अधिकांश ठेकेदारी योजनाओं जैसे पीसीसी सड़क, भवन निर्माण, नल-जल योजना, डीएमएफ योजना में मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दर नहीं दिया जा रहा है। कई बार इससे संबन्धित शिकायत भी की गयी है लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। इस पर तुरंत कार्यवाई की जरूरत है।

मंच ने वर्तमान में चल रहे बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र अभियान में हो रही समस्याओं को भी साझा किया। 30 दिनों के पहले हुए जन्म के लिए कोर्ट से एफिडेविट मांगा जा रहा है जो सुदूर गावों के लोगों के लिए बनवाना बहुत मुश्किल व महंगा है। 1-5 कक्षा के बच्चों के लिए जन्म प्रमाण पत्र को अनिवार्य बोला जा रहा है जिसके कारण अनेक बच्चे शिक्षा से वंचित होने के कगार पर हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मांग किया कि साप्ताहिक प्रखंड स्तरीय कैंप का आयोजन किया जाए जिसमें मजिस्ट्रेट की नियुक्ति हो जो निःशुल्क एफिडेविट बना देंगे।

मंच ने मांग किया कि डीएमएफ का इस्तेमाल मुख्यतः कुपोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा व रोजगार के मुद्दों के निराकरण के लिए हो न कि केवल भवन, सड़क निर्माण कार्यों व ठेकेदारी के लिए. साथ ही, डीएमएफ को कोश ग्राम सभा व ग्राम पंचायतों को दिया जाए ताकि वे योजनाओं का कार्यान्वयन कर सकें और न कि केवल लाइन डिपार्टमेंट व ठेकेदारों को. एवं नियमित रूप से डीएमएफटी योजना के खर्च व कार्यान्वयन सम्बंधित जानकारी ग्राम सभा को दी जाए एवं पंचायत व प्रखंड कार्यालयों में सार्वजानिक किया जाए. प्रतिनिधिमंडल में हेलेन सूँडी, जयंती मेलगंडी, कमला दास, मानकी तुबिड, नारायण कांडेयांग, संदीप प्रधान, रामचंद्र माझी समेत मंच के कई कार्यकर्ता थे।

# आरएसपी ने की न्यू प्लेट मिल डिस्चार्ज रोलर टेबल मोटर गियरबॉक्स की डिजाइन विकसित


नए डिजाइन के साथ राउरकेला इस्पात संयंत्र के डिजाइन विभाग के स्टाफ। ● फोटोन

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र के डिजाइन विभाग ने न्यू प्लेट मिल डिस्चार्ज रोलर टेबल मोटर गियर के जटिल डिजाइन को विकसित करने में सफल रहा। डिजाइन विभाग समूह की निपुणता और दृढ़ संकल्प ने संयंत्र में आवश्यक उपकरणों, पुर्जों के लिए डिजाइन प्रदान करके संयंत्र को कई कठिन स्थितियों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस प्रकार से भारत सरकार की मेक इन इंडिया अवधारणा को भी बढ़ावा मिलता है। संपूर्ण कार्य मुख?य महा प्रबंधक (मेकानिकल) आरएन राजेंद्रन और महा प्रबंधक (डिजाइन एवं शॉप?स) शेखर नारायण की देखरेख में किया गया।

प्लेट मिल डिस्चार्ज रोलर टेबल मोटर गियरबॉक्स के लिए विस्तृत चित्र विकसित करने का कार्य डिजाइन विभाग के लिए एक चुनौती थी। विभिन्न अक्षों में इनपुट और आउटपुट एवं आंतरिक के लिए मध्यवर्ती समर्थन के साथ, गियरबॉक्स की जटिलता की वजह से सटीक इंजीनियरिंग समाधान की आवश्यकता थी। नई स्कैनिंग तकनीक का उपयोग कर-के विस्तृत चित्रों के विकास से लागत में पर्याप्त बचत होगी। प्रत्येक गियरबॉक्स की अनुमानित लागत लगभग 34 लाख रुपये से घटकर 10 लाख रुपये से कम होने का अनुमान है। तीन गियरबॉक्स की वार्षिक खपत को ध्यान में रखते हुए, कुल वार्षिक बचत अंततः प्रभावशाली 75 लाख रुपये होगी।



# चेन्नई एक्सप्रेस के 10 साल पूरे, दीपिका पादुकोण को याद आया मीनम्मा का किरदार

दीपिका पादुकोण ने अपने 15 साल के करियर में विभिन्न शैलियों और भूमिकाओं में कई हिट फिल्में दी हैं। इन्हीं में से सुपरहिट फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस से मीनम्मा का उनका आइकोनिक रोल हैं। इस रोमांटिक कॉमेडी में दीपिका, शाहरुख खान के साथ पेयर हुई थी और फिल्म में उन्होंने एक साउथ इंडियन गर्ल की भूमिका को पूरी परफेक्शन का साथ प्ले किया था।



जबकि फैन्स अब भी फिल्म के उनके कई सीन्स और डायलॉग्स को रीक्रिएट करते दिख जाते हैं, दीपिका उन्हें लगातार मिल रहे प्यार से अभिभूत हैं, और फिल्म के 10 साल पूरे होने के अवसर पर उन्होंने साझा किया, 'वे कहते हैं कि कॉमेडी एक अभिनेता के लिए सबसे मुश्किल है शैली है। इसलिए जब मुझे 'चेन्नई एक्सप्रेस' ऑफर हुई, तो मुझे पता था कि मेरे सामने एक कठिन चुनौती है। मीनम्मा को समझने में मुझे थोड़ा समय लगा, एक प्रक्रिया जो बेहद लोनली है और अक्सर डरावनी होती है, मैं आभारी हूं कि हम एक ऐसा किरदार बनाने में सफल रहें जो न केवल फिल्म का दूसरा नाम है, बल्कि जिसे आज भी भरपूर प्यार मिल रहा है।'

2013 में रिलीज़ हुई, चेन्नई एक्सप्रेस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक थी जिसने सभी प्रमुख पुरस्कार जीते और जनता का दिल भी जीता। इसमें शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के बीच की केमिस्ट्री को दर्शकों ने बेहद पसंद किया, जबकि फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी जबरदस्त कमाई भी की। एक साउथ इंडियन के रूप में दीपिका का प्रदर्शन और उनकी फॉरएवर आइकोनिक डायलॉग्स डिलीवरी फिल्म का प्रमुख आकर्षण है। इसके अलावा, फिल्म के गाने भी चार्टबस्टर लिस्ट में टॉप पर रहे, जिसने प्रशंसकों को आज भी झूमने पर मजबूर कर दिया है। बात करें दीपिका पादुकोण के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की तो एक्ट्रेस नेक्स्ट ऋतिक रोशन के साथ 'फाइटर' और नाग अश्विन की 'प्रोजेक्ट के' में दिखाई देंगी।

# गदर 2 की सफलता का आशीवार्द लेने गोल्डन टेंपल पहुंचे सनी देओल

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी फिल्म गदर 2 के प्रमोशन में व्यस्त हैं। सनी देओल की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 11 अगस्त को रिलीज होने वाली हैं। इसी कड़ी में सनी देओल फिल्म गदर 2 की रिलीज से पहले अमृतसर के गोल्डन टेंपल पहुंचे है। इस दौरान सनी अपने एकदम नए लुक में दिखाई दिए। सनी की अमृतसर के गोल्डन टेंपल से वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। इस दौरान सनी देओल सिर पर हरी की पग पहने दिखाई दिए। सनी देओल का ये लुक आते ही सोशल मीडिया पर छा गया। सनी देओल के वीडियो पर फैंस जमकर कमेंट करते दिखाई दिए। गदर 2 के साथ-साथ अक्षय कुमार की ओएमजी 2 भी रिलीज होने वाली हैं। बॉक्स ऑफिस पर इन दोनों की फिल्मों की टक्कर देखने के लिए फैंस को अब 11 अगस्त का इंतजार है।






# येलो कलर की बिकिनी पहन समंदर में उतरीं निकिता रावल

बॉलीवुड एक्ट्रेस निकिता रावल अपने हॉट एंड बोल्ड अवतार से सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। निकिता अक्सर बिकिनी में अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती है। इन दिनों एक्ट्रेस की कुछ बिकिनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। तस्वीरों में निकिता रावल येलो बिकिनी पहने समंदर के पानी में अठखेलियां करती नजर आ रही हैं। बिकिनी पहने निकिता अपनी कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। निकिता ने गले में नेकलेस, आंखों पर सनग्लासेस और खुले बालों के साथ अपने लुक को कम्प्लीट किया है। एक्ट्रेस का यह हॉट अंदाज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

# गेंमचेंजर के गानों पर खर्च हो रहा मोटा बजट

आरआरआर की जबरदस्त सफलता के बाद दर्शकों की नजर अभिनेता रामचरण की अगली फिल्म गेंमचेंजर लगी है। इस फिल्म का निर्देशन शंकर कर रहे हैं जो इससे पहले दर्शकों के सामने रजनीकांत की शिवा, रोबोट और 2.0 लेकर आ चुके है। इसके बाद दर्शकों के साथ-साथ बॉक्स ऑफिस को भी उम्मीद है कि 200 करोड़ के बजट में बन रही गेंमचेंजर बॉक्स ऑफिस पर वास्तव में गेंम चेंजर साबित होगी। जानकर हैरानी होगी कि रामचरण और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म में सिर्फ गानों पर ही मेकर्स मोटी रकम फूंकने वाले हैं। सामने आई जानकारी के मुताबिक फिल्म के गानों पर निर्माता-निर्देशक करीब 90 करोड़ रुपये की लागत लगाने वाले हैं। इतनी बड़ी रकम में तब एक नहीं बल्कि 2-3 मूवीज आसानी से बन सकती हैं। जबकि निर्देशक शंकर की फिल्म गेम चेंजर में सिर्फ गानों में ही इतनी मोटी रकम का इस्तेमाल किया जाएगा। ये पहली दफा नहीं हैं जब निर्देशक शंकर की फिल्म में गानों पर इतनी मोटी रकम खर्च की जा रही हो। वो अपनी फिल्मों के गानों पर मोटी रकम खर्च करने के लिए पहले से ही जाने जाते रहे हैं।





# कंगना चाहती हैं कि कोई उन्हें एक्शन फिल्म में कास्ट करे

बालीवुड की पंगा क्वीन यानि अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फैशन शो का एक वीडियो पोस्ट किया, जहां अभिनेत्री और विद्युत शो स्टॉपर थे। वीडियो पर कंगना ने लिखा, अच्छी जोड़ी... किसी को हमें एक्शन फिल्म में कास्ट करना चाहिए। कंगना चाहती हैं कि कोई उन्हें एक्शन फिल्म में कास्ट करे। उन्होंने कहा कि अभिनेता विद्युत जामवाल के साथ उनकी जोड़ी अच्छी लगती है। जामवाल की आगामी फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जिएगा एक एक्सट्रीम स्पोर्ट्स फिल्म है। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित यह फिल्म दो भाइयों पर आधारित है जो जीतने के लिए साहसी स्टंट करने को भी तैयार हैं।

वहीं, कंगना रनौत इमरजेंसी में नजर आएंगी। जिसमें कंगना रनौत ने पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है, फिल्म 1975 के आपातकाल पर बेस्ड है। फिल्म में दिवंगत सतीश कौशिक के अलावा अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी और मिलिंद सोमन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कंगना के पास तेजस भी है, जिसमें वह एक फाइटर पायलट का किरदार निभाती नजर आएंगी। इसके अलावा उनके पास चंद्रमुखी 2 भी है।

बता दें कि विद्युत ने 2011 में फोर्स से डेब्यू किया था। वह कलारीपयट्टू का अभ्यास भी करते हैं। उन्हें 2012 और 2013 में टाइम्स ऑफ इंडिया में भारत के शीर्ष 10 मोस्ट डिजायरेबल मेन की सूची में स्थान मिला। 2012 में, पीपुल मैगजीन इंडिया ने उन्हें सबसे सेक्सी पुरुषों में श्रेणी में रखा था। 2020 में, उन्हें व्लादिमीर पुतिन और बेयर ग्रिल्स के साथ द वर्ल्ड लिस्ट ऑफ 10 पीपल यू डोंट हैव टू मेस विद में नामित किया गया था।

# सुष्मिता सेन की वेब सीरीज ताली का ट्रेलर रिलीज

अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने हाल ही में आगामी वेब सीरीज ताली का पहला ट्रेलर साझा किया। शो में सुष्मिता सेन ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट गौरी की भूमिका में नजर आएंगी।राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक रवि जाधव द्वारा निर्देशित और क्षितिज पटवर्धन द्वारा लिखित, ताली सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। शो का उद्देश्य सुष्मिता के चरित्र की यात्रा को प्रदर्शित करना है, जब वह अंततः गौरी में बदल जाती है और ट्रांसजेंडर के अधिकारों के लिए लड़ती है। ट्रेलर में सुष्मिता को गौरी के रूप में अपना बोल्ड ट्रांसफॉर्मेशन में देखा जा सकता है। अपने तौर-तरीकों से लेकर वॉयस मॉड्यूलेशन तक, स्पष्ट रूप से अभिनेत्री ने चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने के लिए अपना होमवर्क किया है।

एक बयान में भूमिका के बारे में बात करते हुए सुष्मिता ने कहा, 'जब मुझसे पहली बार ताली के लिए संपर्क किया गया, तो मेरे दिमाग में तुरंत हां थी, हालांकि, मुझे आधिकारिक तौर पर बोर्ड पर आने में साढ़े छह महीने लग गए। मुझे पता था कि मैं ऐसा करना चाहती थी।' इस तरह की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी लेने के लिए पूरी तरह से तैयार रही। अच्छी तरह से पढ़ा और शोध किया। श्रीगौरी सावंत एक सराहनीय इंसान हैं। मैं उनसे कई पहलुओं पर जुड़ी हूं, और मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे इस श्रृंखला के माध्यम से उन्हें जीने का मौका मिला।

